खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

नई दिल्ली, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 242 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर : खड़गे पेज 2

आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोइन अली खेल टाइम्स

अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा! सम्पादकीय

पाक के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला पेज 12

योगी कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

उप्र में विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली मंजूर, अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को भी स्वीकृति

■ प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर डीडीआरसी की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई, वहीं अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को हरी झंडी मिल गई है।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में -शेष पृष्ठ दो पर

नई दिल्ली: एसआईआर के विरोध में संसद भवन में प्रदर्शन करते सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी व अन्य।

संक्षिप्त समाचार

ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़ा एक मामले का हिस्सा है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है। ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है। अधिकारी ने कहा कि जांच तब शुरू हुई जब आयकर विभाग के जानकारी मिली कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल संस्थाओं को नियंत्रित करता है।

प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लाक से निकलकर सेवा तीर्थ नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है।

क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित हुए हैं उनके लिए रेड कार्पेट लगाई जाए

सुप्रीम कोर्ट ने किया तीखा सवाल: अगर कोई घुसपैठी है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं

नई दिल्ली। रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कॉर्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी। इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल किया कि भारत सरकार का वह आदेश कहां है जिसमें उन्हें (रोहिंग्याओं को) शरणार्थी घोषित किया गया है? 'शरणार्थी' एक कानूनी रूप से परिभाषित शब्द है और सरकार द्वारा अधिकृत अथॉरिटी ही इसे घोषित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की शरणार्थी के रूप में कोई कानूनी स्थिति नहीं है और वह घुसपैठिया है तथा अवैध रूप से प्रवेश करता है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहिंग्याओं के लिए किसी शरणार्थी दर्जे की मांग नहीं कर रहा है और न ही वह उनके डिपोर्टेशन -शेष पृष्ठ दो पर

केरल में SIR की डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे ईसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसम्बर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसम्बर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसम्बर तक फार्म जमा करना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

एसआईआर पर लोकसभा में नौ दिसम्बर को होगी चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सरकार ने फौरन बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया

■ आठ दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा

नई दिल्ली। चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसम्बर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसम्बर को इलेक्टोरल रिफार्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, द्रमुक के टीआर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में श्रीमती गांधी व राहुल गांधी, गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी , टीआर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : नौसेना प्रमुख

■ अरब सागर में लगातार ऑपरेशन चल रहे, पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान हुआ: दिनेश के. त्रिपाठी

नई दिल्ली। नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की।

इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई। नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी हैं। इसके चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा। श्री पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है।

संचार साथी सरकार का जासूसी एप: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संचार साथी एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने को हास्यास्पद बताते हुए आरोप लगाया कि यह जासूसी एप है, जिसके जरिये सरकार हर मोबाइल पर नजर रखना चाहती है।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने संबंधी सवाल पर कहा कि संचार साथी एक जासूसी एप है और यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है और सभी को निजता का अधिकार होना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को निजी संदेश भेज सकें, लेकिन सरकार इस निजता को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ टेलीफ़ोन पर जासूसी नहीं है। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं और संसद इसलिए नहीं चल रही है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने से इन्कार कर रही है और किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रही है। यह लोकतंत्र की परंपरा नहीं है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में चर्चा होती है और हर किसी के अलग-अलग विचार होते हैं और आप उनकी बात सुनते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा ष्मोबाइल पर तरह-तरह की धोखाधड़ी हो रही है और इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली होनी चाहिए।

कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। एयरबस ए321-251 एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ

अहमदाबाद, वार्ता

■ रक्षा मंत्री ने बड़ा राजनीतिक दावा किया

■ बोले: सरदार वल्लभभाई पटेल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को रोका



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों से अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की।

एयर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

■ विमान ने आठ रूट्स पर उड़ान भरी, मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवम्बर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने प्लेन के उड़ान पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवम्बर 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया के साथ मर्जर हुआ।

संक्षिप्त समाचार

रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को एक करोड़ का बीमा राशि

लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सेलरी पैकेज (आरएसपी) स्कीम के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी अनवर अली के आश्रितों को एक करोड़ की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्व- अनवर अली की माता एवं आश्रित कमरून निशा को दी गई। अनवर अली ट्रैक मेंटेनर के पद पर वाराणसी इंजीनियरिग विभाग में कार्यरत थे। उनकी बीते 25 मार्च को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंडल प्रशासन ने बताया कि आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान के लिए मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी कीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने दिवंगत कर्मचारी अनवर अली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

प्रयागराज में सम्मानित किए गए 19 बीएलओ

प्रयागराज। उप्र के प्रयागराज में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बूथ लेवल अधिसकारियों को जिला. धिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और दीवार घड़ी भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। निर्वाचन कार्य बेहद जिम्मेदारी वाला होता है और इसे निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने वाले बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने साथ काम कर रहे अन्य बीएलओ को भी आयोग के निर्देशानुसार 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य शत-प्रतिशत एवं शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

गुजरात के नौजवानों को नशे और अपराध की दुनिया में धकेल रही सरकार: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात सरकार पर प्रदेश में नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के कौन से नेता है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

गांधी ने मंगलवार को गुजरात सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि गुजरात में चल रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं के दौरान लोगों ने, खासकर महिलाओं ने बार-बार कहा है कि राज्य में बढ़ते नशे, अवैध शराब और अपराध ने उनके जीवन में असुरक्षा को गहरा दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल की वह धरती है, जहां सत्य, नैतिकता और न्याय की परंपरा रही है, मगर पिछले कुछ सालों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य ड्रग्स और अपराध की अंधेरी दुनिया की ओर धकेला जा रहा है। गांधी ने गुजरात सरकार से सवाल पूछा- गुजरात पूछ रहा है, भाजपा सरकार चुप क्यों है? प्रदेश सरकार में वह कौन मंत्री है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

भाजपा नेता के संरक्षण में चल रहा धंधा

हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर: खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी सरकार को कुछ नही मिला, तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नई प्राथमिकी दायर की गई है। खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 12 साल बाद अचानक गांधी परिवार पर कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने वाले पुराने मामले में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई।

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राहत

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित 'ड्यूटी' मानी जाएगी।

मंत्रिमंडल के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतर्राष्ट्रीय पदक विज. ता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

सरकार ने साफ किया 'ड्यूटी' मानने का नियम

उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी में निर्माणाधीन डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संच. लन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा।

योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने किया 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ

वाराणसी। धार्मिक नगरी काशी में 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नमो घाट पर किया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन, पुडुचेरी की उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

योगी मंत्रीमंडल में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बोले वित्तमंत्री

यूपी के हर मंडल में बनेगा दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया।

सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कतिपय समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचा. लित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी।

यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्रिमंडल ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बढ़ा कर दिया है। खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय बनेगा, जिसके लिए टाटा को जिम्मेदारी सौंपी गई है

बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

लखनऊ। योगी मंत्रिमंडल ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2-0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी। बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विक. सित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है।

बीजेपी जाए, तो निजता बच पाए: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने संचार साथी ऐप को पर जारी किए गए केंद्र सरकार के निर्देशों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा मुखिया ने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि बीजेपी जाए , तो निजता बच पाए। कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अखिलेश ने लिखा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो, वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी, अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता-कारोबार की आपसी बात. चीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी। अब जनता ने फैसला कर लिया है भाजपा सरकार नहीं चाहिए, तो नहीं चाहिए. भाजपा जाए तो निजता बच पाए!

घोसी उपचुनाव में सुजीत सिंह होंगे सपा प्रत्याशी

मऊ। समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को सुधाकर सिंह के कर्म में मऊ पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ही उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने कहा कि हम लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद सुजीत को है। हम लोग यहां आकर इनकी मदद करेंगे।

सेंसेक्स 85138.27
निफ्टी 26032.20

सोना रु. 126720
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 173340
प्रति किलो

शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स लुढ़का

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े कमजोर रहने के बाद मंगलवार को बाजार में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। एनएसई के सूचकांकों में फार्मा को छोड़कर सभी में गिरावट रही। निजी बैंकों, वित्तीय सेवाओं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और धातु समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। एशियन पेंट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलि. वर और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

लक्जरी हॉस्पिटैलिटी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स में रूचि दिखा रहे हैं सिंगापुर के निवेशक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से चल रही अंतर्राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क ने सोमवार को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ कई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि इस रणनीति के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क का नेतृत्त्व करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संच. ालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान, इन्वेस्ट यूपी टीम ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अन्य उच्च-संभावना वाले पर्यटन क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया।

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

नई दिल्ली। मंगलवार की सुबह ट्रेडर्स ने पिछले सेशन की तेज रैली के बाद मुनाफा वसूली की। यही वजह रही कि एमसीएक्स पर दोनों धातुएं नीचे खुलीं। दोपहर 3. 40 बजे तक सोना 0.47 प्रतिशत गिरकर 1,26,720 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 2.73 प्रतिशत फिसलकर 1,73,340 प्रति किलो पर आ गई।

इससे ठीक पहले सोमवार को सोना छह हफ्तों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था, क्योंकि बाजार को फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदें सपोर्ट दे रही थीं। कमजोर रुपया ने भी घरेलू कीमतों को ऊपर धकेला है, जो हाल ही में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लो पर गया। चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली से पहले की हालिया उछाल की सबसे बड़ी वजह 'सिल्वर स्क्वीज' है। चीन के अक्टूबर में चांदी के निर्यात 660 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। वहीं इन्वेंट्री दस साल के निचले स्तर पर चली गई। यह सप्लाई टाइटनेस लंदन तक दिख रही है। 2025 चांदी बाजार के लिए लगातार पांचवां डेफिसिट वाला साल होगा। इस कमी के चलते लिक्विडिटी पर दबाव पड़ा, लीज़ रेट्स बढ़े और अमेरिकी सीएमई वॉल्ट्स में डिलिवरी भी बढ़ी। इतना ही नहीं अमेरिका ने चांदी को 2025 की 'क्रिटिकल मिनरल' लिस्ट में शामिल किया है। इससे इसकी रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। च्वाइस ब्रोकिंग के अमीर मकड़ा ने कहा कि चांदी मजबूत अपट्रेंड में है और इसका मोमेंटम अभी भी कायम है। उनके मुताबिक चांदी के लिए अहम सपोर्ट 1,42,285 और 1,21,437 पर है।

सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिता: सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है। यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिए। जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है। भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है। मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है। नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है। यह केवल प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता करदाताओं की नैतिकता को बढ़ाती है। जब लोगों को भरोसा होता है कि प्रणाली निष्पक्ष है और नियम निरंतर रूप से लागू होते हैं, तो स्वैच्छिक अनुपालन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जो दुनिया कभी गोपनीयता और सीमित जानकारी तक सिमटी थी, वह अब बदलकर ऐसी हो गई है, जहां पारदर्शिता को निष्पक्षता, अनुपालन और उत्तरदाई शासन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाने लगा है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

उप्र में विकास... बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2. 0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमओयू के संबंध में फैसला लिया गया है।

क्या रोहिंग्या... का विरोध कर रहा है, लेकिन डिपोर्टेशन कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मामला हिरासत से गायब होने का है। सरकार ने स्वयं डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तय की है, जिसका पालन होना चाहिए। उन्हें चुपचाप कहीं भेज देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक है और ऐसा नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हीं याचिकाओं के साथ इस अर्जी को सुना जाएगा। सीजेआई ने इस दौरान टिप्पणी में कहा कि अगर उन्हें भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, उत्तर भारत की सीमा बहुत संवेदनशील है और ऐसे में अगर कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसे रेड कॉर्पेट (लाल कालीन) बिछाकर स्वागत करें और सारी सुविधाएं दें? सीजेआई ने पूछा कि उन्हें वापस भेजने में समस्या क्या है? वकील ने कहा कि उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए, परंतु कानून के अनुसार। इसके बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पहले आप (रोहिंग्या) अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ लांघकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब चूंकि आ गए हैं इसलिए देश की सारी कानून-व्यवस्था उन पर लागू हो और वो भोजन, आश्रय, बच्चों की शिक्षा सबका हकदार हों। क्या हम कानून को इतना खींचना चाहते हैं? याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वह कानून को खींचने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि सिर्फ इतना चाहती हैं कि निर्वासन की वर्तमान विधिक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने 2020 के सलीमुल्लाह मामले का उल्लेख किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि रोहिंग्याओं का निर्वासन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत से गरीब लोग हैं, और हमें उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? क्यों न उन पर ध्यान दें? वकील ने स्पष्ट किया कि वह किसी पुनर्वापसी की मांग नहीं कर रही हैं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि उसकी सीमित प्रार्थना यह है कि डिपोर्टेशन का आदेश सरकार के नियम के अनुसार किया जाए। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह याचिका एक पीआईएल याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई है, किसी प्रभावित व्यक्ति द्वारा नहीं।

यूपी में बदलेगी डीएल अप्रूवल की प्रक्रिया

तेजी से बनेंगे लाइसेंस, नई एजेंसियों ने संभाला कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रोसेस में बदलाव दिख सकता है। हाल ही में डीएल से जुड़े सारे कामकाज नई एजेंसी को सौंपा गए हैं। कंपनी ने हार्डवेयर इंस्टालेशन का काम भी पूरा कर लिया है। अब डीएल बनाने का काम नई कंपनी के कर्मचारी करेंगे। बता दें कि नई कंपनी को काम स्थानांतरण के चलते 25 से 29 नवंबर तक नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने संबंधी कामों पर रोक लगी थी।

प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी 3 एजेंसियों को दी गई है। लखनऊ में सिल्वर टच को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। फोकाम नेट व रोजमार्टा के पास अन्य जिलों का काम है। अब तक स्मार्ट चिप नाम की कंपनी के पास डीएल संबंधित कामकाज की जिम्मेदारी थी, यहां तकरीबन 300 कर्मचारी इस काम में लगे थे। डीएल संबंधी हार्डवेयर इंस्टालेशन के चलते कुछ दिनों तक ड्राइविंग लाइसेंस अप्रूवल का काम बंद था। इस दौरान आवेदकों को काफी असुविधा भी हुई, लेकिन अब नई कंपनियों के काम संभालने के बाद यह काम फिर से शुरू हो गया है। एजेंसी के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रांसफर नई कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मार्ट चिप कंपनी के पास जब डीएल अप्रूवल का काम था, तो कभी चिप की कमी और कभी तकनीक में गड़बड़ी से हजारों डीएल महीनों बाद तक नहीं पहुंचाए जा सके थे। 2023 में एक समय तीन लाख ड्राइविंग लाइसेंस लंबित हो गए थे। ऐसे में सरकार ने दूसरी कंपनियों को इसका काम सौंपने का निर्णय लिया। पिछले हफ्ते नए सिस्टम इंस्टालेशन के कारण 3-4 दिनों तक डीएल अप्रूवल बंद रहा, जिससे हजारों आवेदन अटक गए थे। नई व्यवस्था से ये दिक्कतें दूर होंगी, प्रोसेसिंग में तेजी आएगी। इसके अलावा पहले आधार कार्ड में पिता के नाम की अनिवार्यता से डीएल प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इससे तकनीकी दिक्कतें भी आ रही थीं। उम्मीद जताई जा रही है डीएल संबंधित ये सभी परेशानियां अब दूर हो जाएंगी। इसके अलावा अब ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) पर ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत भी हो रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

कुली कैंप में दर्दनाक हादसा, रैन बसेरे में लगी आग, दो लोग जिंदा जले

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वसंत विहार के कुली कैंप स्थित रैन बसेरा में आग लगने से 18 साल के अर्जुन और 42 साल के विकास की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया।

आग बुझाने के बाद तलाशी के दौरान दोनों का शव झुलसी अवस्था में मिला। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि रैन बसेरा के अंदर अंगीठी जलाने की वजह से हादसा हुआ है।

दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 3.28 बजे पुलिस को वसंत विहार कुली कैंप स्थित रैन बसेरा में आग लगने की सूचना पर स्थानीय पुलिस और दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग रैन बसेरा में फैल चुकी थी और ऊंची-ऊंची लपटें निकल रही थीं। दमकल कर्मी तुरंत आग बुझाने में जुट गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। कुलिंग करने के बाद दमकल कर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया और दो लोगों बुरी तरह से झुलसी अवस्था में निकाला। दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। विकास के परिजनों का पता नहीं चला है।

रात करीब साढ़े तीन बजे अचानक पड़ोसी संजय का कॉल आने पर अर्जुन का पिता अशोक हड़बड़ाकर उठा शायद उसे अनहोनी की आशंका थी। संजय ने जैसे ही रैन बसेरे में आग लगने की बात उसे बताई अशोक के होश उड़ गए। वह दौड़ा-दौड़ा रैन बसेरे पर पहुंचा तो देखा कि वहां भयंकर आग लगी थी। बेटा अर्जुन बचाने की गुहार लगा रहा था। यह देखकर बदहवास अशोक आग में कूदने को तैयार था लेकिन लोगों ने उसे किसी तरह रोका। अशोक रोते रोते कहे जा रहा था कि कोई मेरे लाल को बचा लो, लेकिन कोई भी कुछ न कर सका और अर्जुन की झुलसकर मौत हो गई। पड़ोसी संजय कुमार ने बताया कि अर्जुन के पिता अशोक रैन बसेरा के पास स्थित शौचालय में काम करते हैं। वहां वह एक कमरे में रहते हैं। अर्जुन इकलौता बेटा था। अर्जुन की मां की मौत हो चुकी है जबकि उसके पिता ने बेटे के भविष्य को देखते हुए दूसरी शादी नहीं की। वह उसे बुढ़ापे का सहारा बताते थे। अर्जुन कमाने लगा था और रैन बसेरा में रहता था। दोनों पिता-पुत्र की जोड़ी को न जाने किसकी नजर लग गई। संजय बताते है कि जब आग लगी तो वह रैन बसेरा के पड़ोस की झुग्गी में थे। धुएं की बदबू से वह आए तो देखा कि रैन बसेरा में आग लगी है। घटना के समय रैन बसेरा में आठ लोग मौजूद थे। आग लगते ही छह लोग बाहर आ गए लेकिन रैन बसेरा के दरवाजे पर खड़ी बाइक में लगी आग से अर्जुन और विकास फंस गए।

कोहरे से प्रभावित हो रहा ट्रेनों का परिचालन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मंगलवार को लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी कुछ कम रही। पिछले दिनों की तुलना में मंगलवार को लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें समय पर या दो घंटे से कम देरी से चल रही हैं, लेकिन दरभंगा और बरौनी हमसफर सहित पूर्व दिशा की कुछ ट्रेनों के यात्रियों की परेशानी दूर नहीं हो रही।

देरी से दिल्ली पहुंचने के कारण वापसी दिशा में नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष (02570) 3.25 घंटे के देरी से अपराह्न 3.40बजे रवाना होगी। वहीं, लोकल ट्रेनों के देरी से चलने के कारण दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। सुबह उन्हें अपने कार्यस्थल पर समय से पहुंचने में दिक्कत हो रही है। बुलंदशहर-तिलक ब्रिज पैसेंजर (64567) एक घंटे, पानीपत-पुरानी दिल्ली ईएमयू (64002), जाखल-पुरानी दिल्ली पैसेंजर (54036) व सहारनपुर-पुरानी दिल्ली एमईएमयू (64558) 45 मिनट, कुरुक्षेत्र-पुरानी दिल्ली ईएमयू (64452), शामली-पुरानी दिल्ली एमईएमयू (64034) सहारनपुर-पुरानी दिल्ली पैसेंजर (54474) आधे घंटे के देरी से चल रही हैं। कई अन्य लोकल ट्रेनें भी लेट हैं। अधिकारियों का कहना है कि सुबह हल्का कोहरा पड़ने से ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो रही है।

निजी अस्पताल में मृतका के सोने के जेवर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शाहदरा डिस्ट्रिक के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करती वारदात को अंजाम दिया गया, कृष्णा नगर में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उपचारधीन एक महिला मरीज के सोने के जेवर चुराने की घटना सामने आई, महिला मरीज की इसी अस्पताल में मौत हो गयी थी।

■ अस्पताल प्रशासन ने चोरी किए हुए टॉप्स तो मृतक महिला के परिवार को लौटा दिए, जबकि सोने की चेन नहीं लौटाई

बताया जा रहा है अस्पताल प्रशासन ने चोरी किए हुए टॉप्स तो मृतक महिला के परिवार को लौटा दिए, जबकि सोने की चेन नहीं लौटाई है। शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया 11 नवंबर को नवीन गुप्ता निवासी 25 ए/4, गली न-17 पांडव नगर, विश्वास नगर ने शिकायत दर्ज करवाई थीं कि उन्होंने अपनी मां बीना रानी गुप्ता को कृष्णा नगर के गोयल अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया था, उनकी मां की तबियत ज्यादा खराब होने की वजह से दूसरे अस्पताल में स्थान्तरित करने के लिए बोला गया था। जब वह अपनी मां को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस बुलाने गए तब किसी ने मृतका के कान से सोने के टॉप्स और कान की सोने की चेन चुरा ली। जिसकी शिकायत जब अस्पताल प्रशासन से की गयी तो अस्पताल प्रशासन द्वारा टॉप्स वापस कर दिए गए लेकिन सोने की चेन वापस नहीं की गयी। इस मामले में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस चोरी की एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई थीं जिसमे अस्पताल स्टाफ मृतका के कान से टॉप्स और चेन चुराते हुए दिख रहा है, इस वीडियो के वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन की नीद टूटी और उन्होंने कान के टॉप्स वापस कर दिए पर कान की सोने की चेन वापस नहीं की। मृतका के बेटे नवीन का आरोप है की जब उन्होंने अस्पताल प्रशासन से इस बात की शिकायत की थी तब अस्पताल प्रशासन द्वारा उनके साथ बदसलूकी की गयी थी।

स्कूलों में 'डिजास्टर रेडी स्कूल कैंपेन' की शुरुआत, प्रशिक्षण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उपराजयपाल वीके सक्सेना एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूसा रोड स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में 'डिजास्टर रेडी स्कूल कैंपेन' का शुभारंभ किया। यह अभियान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से शुरू किया गया है।

इसके अंतर्गत पहले चरण में दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों सहित कुल 2000 से अधिक विद्यालयों में दो-दिवसीय संरचित प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव श्री मनीष भारद्वाज, सदस्य एवं विभागाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा भूकंप सुरक्षा ड्रिल, ड्रॉप-कवर-होल्ड डेमोंस्ट्रेशन आदि का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस कार्यक्रम को बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकल्प बताया और कहा कि वर्तमान समय में इसकी विशेष आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के सिस्मिक जोन-4 में स्थित होने के कारण भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है और आग, हीट वेव, जलभराव आदि जैसे जोखिम इसे और भी चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। उपराज्यपाल ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो कैजुअल्टी' विजन और उनके ग्लोबली मान्यता प्राप्त '10-पॉइंट्स एजेंडा' के अनुरूप बताया, जिसमें जोखिम प्रबंधन, साम. ुदायिक लचीलापन, तकनीक आधारित अर्ली वार्निंग और संस्थागत स्तर पर आपदा तैयारी जैसे पहलू शामिल हैं। कार्यक्रम के कार्यान्वयन का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस अभियान को दिल्ली के सभी साढ़े पांच हजार स्कूलों में सेफ्टी ऑडिट के माध्यम से दिशा-निर्देशों के पालन को सुनिश्चित किया जाएगा।

उपराजयपाल वीके सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पूसा रोड स्थित स्प्रिंग डेल्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में 'डिजास्टर रेडी स्कूल कैंपेन' का शुभारंभ करते हुए।

एक नजर

कश्मीरी गेट के पास पर्यटक बस में आग लगी, 15 लोग बाल-बाल बचे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट के निकट स्लीपर बस में मंगलवार सुबह आग लग गई, हालांकि इसमें सवार कम से कम 15 यात्री बाल-बाल बच गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, आग के कारण पूरी तरह नष्ट हो चुकी निजी पर्यटक बस हरियाणा के करनाल जा रही थी। बस में लगभग कम से 15 यात्री सवार थे। डीएफएस ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 6.50 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा, 'किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है और सुबह 7.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। शीतलन प्रक्रिया जारी है।' आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

श्याम जाजू ने की फेस ग्रुप की सराहना

नई दिल्ली। देश में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से फेस ग्रुप द्वारा 13 दिसंबर को कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित होने वाले फेस नेशनल हेल्थ अवार्ड समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू से मुलाकघत कर उन्हें समारोह में वीआईपी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया।

इस अवसर पर मेरी दिल्ली मेरी शान के एडिटर गोपाल राजपूत और फेस ग्रुप की कोऑर्डिनेटर शबाना अजीम भी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान फेस ग्रुप द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की पहल पर विस्तार से चर्चा हुई। आमंत्रण स्वीकार करते हुए श्याम जाजू ने समारोह में शामिल होने का आश्वासन दिया और फेस ग्रुप के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि समाज के बेहतर निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने वाले लोगों को सम्मानित करना न सिर्फ एक सकारात्मक पहल है, बल्कि इससे समाज में सेवा करने वालों की कार्य क्षमता और प्रेरणा में बढ़ोत्तरी होती है। फेस ग्रुप का यह वार्षिक समारोह देशभर से आए उन व्यक्तियों को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण मंच है जो स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, शिक्षा, और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। आगामी 13 दिसंबर को होने वाला यह कार्यक्रम राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सामाजिक संवेदना और प्रेरक व्यक्तित्वों के सम्मान का साक्षी बनेगा।

'एस्थेटिक एंड फंक्शनल गायनेकोलॉजी' सेवाएं शुरू की

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अपोलो क्रैडल एंड चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, जो भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने आज दिल्ली में एस्थेटिक एंड फंक्शनल गायनेकोलॉजी सेवाओं की शुरुआत करके अपनी स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की। यह नई पेशकश महिलाओं के लिए समग्र, उन्नत और विशेष देखभाल प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

आधुनिक सर्जिकल और गैर-सर्जिकल, कम से कम चीरा लगाने वाली उपचारों को एकीकृत करते हुए, यह सेवा प्रसव के बाद के ढीलेपन से लेकर मेनोपॉज के दौरान होने वाली असंयम जैसी कार्यात्मक और सौंदर्य संबंधी दोनों चिंताओं को दूर करती है। यह ब्रांड योनि में ढीलापन, योनि और जननांग सौंदर्य उपचार, और प्रसव के बाद होने वाली परेशानिये, जैसे पेरी-मेनोपॉजल तथा पोस्ट-मेनोपॉजल सामान्य चिंताओं को दूर करने के लिए उन्नत समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा।

हत्या प्रयास मामले में तीन भगोड़े पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के आनंद पर्वत थाने की टीम ने हत्या के प्रयास मामले में तीन फरार सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। दिल्ली के मध्य जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऋषी कुमार ने बताया कि जिले की आनंद पर्वत थाने की टीम वॉन्टेड क्रिमिनल्स को ट्रैक करने और पकड़ने के लिए काम कर रही थीं। इसी बीच 28 नवबर को टीम को आनंद पर्वत थाने के तहत हुए हत्या के प्रयास मामले में तीन फरार सीसीएल के बारे में खास जानकारी मिली थी।इस जानकारी पर एसीपी पटेल नगर सुशील कुमार की देखरेख में एसएचओ आनंद पर्वत सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम तुरंत जनता पार्क, बाबा फरीदपुरी, आनंद पर्वत पहुंची और उक्त स्थान पर अपना जाल बिछाया कर तीनों फरार सीसीएल को पकड़ लिया।

नकली नोट की तस्करी में शामिल इंटरस्टेट सिंडिकेट का भंडाफोड़, 5 सप्लायर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने हाई-क्वालिटी नकली इंडियन करेंसी नोट की तस्करी और सर्कुलेशन में शामिल एक बड़े इंटरस्टेट सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर पाँच सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास 1,244 हाई-क्वालिटी नकली इंडियन करेंसी नोट (सभी 500 के) जब्त किए है जिनकी कीमत 6,21,500/ रूपये- थी। नकली करेंसी बांग्लादेश से बॉर्डर के जरिए स्मगल कर आगे दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और आस-पास के इलाकों में भेजी जा रही थी।दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्पेशल स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि दिनेश कुमार, नकली करेंसी का कंसाइनमेंट देने के लिए एशियन मार्केट, सेक्टर-3, पुष्प विहार आएगा।

इस सूचना पर एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुराग सिंह के नेतृत्व में रेडिंग टीम ने आरोपी दिनेश कुमार को मार्केट गेट के पास रोका।पुलिस को उसके पास 10,000/- के नकली नोट मिले। उसके घर की तलाशी लेने पर और 45,000/के नकली नोट मिले। पुलिस पूछताछ में दिनेश ने बताया कि उसने नकली नोट अपने साथी, खैरुल इस्लाम से खरीदे थे। इस खुलासे के आधार पर, खैरुल इस्लाम के घर पर एक और रेड की गई, जहाँ टीम को 500 रूपये के नकली नोटों में घ66,000/- मिले। पूछताछ के दौरान, खैरुल ने एक मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर अपनी भूमिका मानी और बताया कि उसने नकली इंडियन करेंसी नोटमालदा के सप्लायर नाजिम हुसैन उर्फ घ्घ्सद्दाम से खरीदा था। उसने बताया कि उसने पिछले कुछ महीनों में नाजिम से लगभग आठ लाख के नकली नोट इकट्ठा किए थे और पकड़े जाने से बचने के लिए कई छोटे-छोटे ट्रांजैक्शन के जरिए उसे लगभग घ1.70 लाख ट्रांसफर किए थे। उसने आकाश कुमार को दो लाख के नकली इंडियन करेंसी नोट सप्लाई करने की भी बात मानी।इसके बाद टीम ने नेब सराय से आकाश कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से 5,00,500/ रूपये- की नकली करेंसी बरामद हुई।

सुन्दर नगरी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

नई दिल्ली। बाबरपुर से एससी-एसटी जिला अध्यक्ष कांग्रेस ललित चौहान ने अपनी धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर सुन्दर नगरी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन भंडारे के साथ किया।

ललित चौहान ने कहा कि उनकी पत्नी पूजा रानी जो वार्ड सुन्दर नगरी से पूर्व नगर निगम प्रत्याशी रही उनका निधन पिछले वर्ष हो गया। आज ललित चौहान ने उनकी पुण्यतिथि पर भण्डारा और साथ में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया।उनकी पत्नी का निधन अचानक किसी बीमारी से हुआ था। आज उन्होंने हेल्थ चेकअप का आयोजन इस लिए किया कि लोगों की जांच समय पर होती रहे जिससे कि होनी वाली किसी बीमारी से बचा जा सके और समय रहते इलाज कराया जा सके। इस मौके पर विधायक वीर सिंह धिंगान, विधायक चौधरी जुबैर अहमद, विधायक मदन भैया,पूर्व विधायक विपिन शर्मा, पार्षद मोहनी जीनवाल, पूर्व पार्षद रिंकू कुमारी, अनिल गौतम, कांग्रेस बाबरपुर जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सदन की बैठक लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय: महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक में दिल्ली की जनता के हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक आज लगभग चार घंटे तक विचारशील और परिणाममुखी माहौल में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु एवं धूल प्रदूषण पर गहन चर्चा की गई। वर्तमान समय में प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है, और इसको नियंत्रित करने के लिए पार्षदों ने कई व्यवहारिक एवं ठोस सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण दिल्ली के लिए गंभीर समस्या है इसलिए इस बैठक में पक्ष और विपक्ष दोनों को अपने विचार, सुझाव और चिंताएँ रखने का पूरा अवसर प्रदान किया गया।

हमारे लिए दोनों ही पक्षों की राय समान रूप से महत्वपूर्ण है और हम हर सुझाव का स्वागत करते हैं। नगर निगम की जिम्मेदारी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए सभी पार्षदों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार दिया जाए। सदन में वायु प्रदूषण पर प्रस्तुत किए गए सुझावों और आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा के बाद महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदूषण रोकथाम के लिए ठोस,समयबद्ध, तथा परिणाम-आधारित कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए।इसमें सड़क किनारे धूल नियंत्रण, निर्माण स्थलों की निगरानी, कूड़ा जलाने की घटनाओं पर सख्ती, तथा प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान जैसे कदमों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा की किसी भी वार्ड में कूड़ा, पत्ते या बायोमास जलाने की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए रात और सुबह की विशेष पेट्रोलिंग टीमों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

गली मोहल्ला क्रिकेट लीग में दिल्ली के युवाओं ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली। दिल्ली में गली मोहल्ला क्रिकेट लीग (GMCL) के लॉन्च को युवाओं से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे जीम सीएल सीजन 1 (2025-2026) की अच्छी शुरुआत हुई।

कोच एग्जिबिशन मैचों में 16 टीमें थीं, हर टीम में 8 खिलाड़ी थे, और 29 और 30 नवंबर 2025 को दिल्ली के रामजस क्रिकेट ग्राउंड में हुए 15 प्लेऑफ-फॉर्मेट मैचों में हिस्सा लिया।

इस मौके पर, बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा, जो खिलाड़ी पहले टेनिस-बॉल बॉक्स क्रिकेट को एक हॉबी के तौर पर देखते थे, वे अब भारत और इंटरनेशनल लेवल पर इसके पोटेंशियल के बारे में जानने के बाद सीरियस हो रहे हैं। जी म सी एल न सिर्फ भारत में बल्कि ग्लोबल लेवल पर युवाओं के लिए सबसे बड़ा ग्रासरूट प्लेटफॉर्म बनकर उभर रहा है। इन दो दिनों में मिले पार्टिसिपेशन और पॉजिटिव फीडबैक ने इसे एक नेशनल मूवमेंट के तौर पर बढ़ावा दिया है। जीमसीएल को फेज 1 के तहत पांच देशों-मीना रीजन, हांग कांग, सिंगापुर, मलेशिया और नेपाल के साथ-साथ पांच भारतीय राज्योंख्र दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में लॉन्च किया गया है।

पार्टिसिपेंट्स ने इस इवेंट को लेकर अपना उत्साह दिखाया और बताया कि कैसे टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट उन युवा लड़कों और लड़कियों के लिए एक बड़ा मौका बना रहा है जो प्रोफेशनल क्रिकेट करियर बनाना चाहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अयोध्या धाम में वेद प्रकाश जी को "अंतरराष्ट्रीय सनातन गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया।यह विशिष्ट सम्मान पूज्य स्वामी वेदपुत्र महाराज के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।इस मौके पर कई और बड़े संत उपस्थित हुए।

आपको बता दे कि वेद प्रकाश जी द्वारा सनातन संस्कृति, सेवा एवं समर्पण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए यह अलंकरण प्रदान किया गया है। मैं हृदय से संस्था के सभी पदाधिकारी और अपने आचार्य श्री से स्वामी वेद पुत्र जी महाराज का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझे आज यहां पर इस जिम्मेदारी को सौंपा। मैं पूर्ण निष्ठा और कर्तव्य का पालन करते हुए यह अस्वस्थ करना चाहता हूं कि मैं संस्था के द्वारा चलाए जा रहे सामा. जिक कार्यों पर्यावरण संबंधित कार्यों और दूसरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात कार्यरत रहूंगा।

इस मौके पर स्वामी वेदपुत्र महाराज ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य, ऊर्जा और सतत सेवा-भाव के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि आज हमारे छोटे भाई को मैंने यह जिम्मेदारी सौंपी है ।मुझे उम्मीद है कि वह संस्था को आगे बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास करेंगे साथ ही संस्था के विकास के लिए भी काम करते रहेंगे।

'इत्ती सी खुशी' में पारंपरिक दुल्हन के रूप में सुम्बुल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोनी सब का शो 'इत्ती सी खुशी' अब अपने सबसे भावुक और निर्णायक पड़ावों में से एक में प्रवेश कर रहा है। अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान), जो अब भी अपनी सगाई के दिन विराट (रजत वर्मा) के अचानक गायब हो जाने के सदमे से उबर नहीं पाई है, एक ऐसा फैसला लेती है, जो उसकी जिंदगी की दिशा बदल देता है। वह अपने अधूरे प्रेम से ऊपर उठकर जिम्मेदारी को चुनती है और अपने बचपन के दोस्त संजय (ऋषि सक्सेना) से शादी करने का निर्णय लेती है। यह मोड़ न सिर्फ उसकी जिंदगी, बल्कि शो की कहानी को भी नया रूप देता है। शादी का ट्रैक शुरू होते ही, सुम्बुल ने अन्विता के मराठी दुल्हन वाले लुक की पहली झलक सामने लाई है। गहरे हरे रंग की रिच नौवारी साड़ी, जिस पर बारीक सुनहरे बॉर्डर और बूटे बने हैं, के साथ डीप मैजेंटा ब्लाउज। यह पूरा लुक परंपरा, गरिमा और उसकी शांत मजबूती को बखूबी दर्शाता है।

खेल महोत्सव में क्रिकेट का आगाज 7 दिसम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी लोक सभा क्षेत्र में सांसद मनोज तिवारी द्वारा आ आ आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तहत कोस्को या कैन्वस क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

मंगलवार को सांसद ने बताया कि टूर्नामेंट 7 दिसम्बर से खजूरी खास चौक स्थित यमुना खादर मैदान में शुरू होगा। जिसमें लोकसभा के 41 मंडलों की टीमें हिस्सा लेंगी। सांसद ने कहा की टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को अपने 15 खिलाड़ियों की सूची आधार कार्ड के साथ 4 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे तक जमा करानी होगी। आयोजकों का कहना है कि सभी मंडलों से टीमों की पुष्टि हो चुकी है और मैदान पर पिच व अन्य सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सांसद ने दोनों जिला अध्यक्ष डॉक्टर यू. के. चौधरी और मास्टर बिनोद कुमार को इसके आयोजन से संबंधित तैयारी की जिम्मेदारी भी सौंपी। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण विजेताओं के लिए रखी गई पुरस्कार राशि है। विजेता टीम को 1 लाख रुपये, उपविजेता टीम को 50 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। आयोज. कों का दावा है कि इस प्रतियोगिता से स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

ब्रेव हार्ट्स सोसाइटी ने हवा को साफ करने के लिए उठाया कदम

टावरों की ऊपरी मंजिलों से पानी का किया छिड़काव

■ कृत्रिम बारिश, लोगों को प्रदूषण से मिली बड़ी राहत

गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण फिर से खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित ब्रेव हार्ट्स सोसाइटी ने अपने स्तर पर एक ऐसा कदम उठाया है, जिसे निवासियों ने राहत देने वाला और असरदार बताया है।

कई दिनों से इलाके में धूल इतनी बढ़ गई थी कि बालक. नियों, गाड़ियों और पार्कों में मोटी परत जमने लगी थी। छोटे बच्चों को बाहर खेलने से रोकना पड़ रहा था और बुजुर्गों की सुबह-शाम की सैर भी बंद हो गई थी। लगातार बढ़ती परेशानी को देखते हुए सोसाइटी की एओए ने मीटिंग की और निर्णय लिया कि हवा को साफ करने की कोशिश खुद की जानी चाहिए। इसके बाद सोसाइटी ने टावरों की ऊपरी मंजिलों से पानी का छिड़काव शुरू किया।

इसके लिए फायर सिस्टम और पाइपलाइन को सक्रिय किया गया, ताकि पानी ऊंचाई से पूरे परिसर में फैल सके। पानी की बचत को ध्यान में रखते हुए STP से साफ किया गया पानी ही उपयोग में लिया गया। दोपहर के समय पांचों टावरों से एक साथ फुहार छोड़ी गई, जिससे हवा में तैर रहे धूलकण कुछ ही मिनटों में नीचे बैठने लगे।

निवासियों के अनुसार, इस कदम का असर तुरंत दिखा। सोसाइटी के अंदर का माहौल पहले से ज्यादा साफ महसूस हुआ। पार्कों की जमीन और पेड़ों की पत्तियां, जो धूल से ढकी रहती थीं, अब साफ नजर आने लगीं। कई लोगों ने बताया कि लंबे समय बाद बच्चों को खुली हवा में खेलने दिया गया और बुजुर्गों ने भी दोबारा टहलना शुरू किया। सोसाइटी के अध्यक्ष लविश त्यागी ने बताया कि यह पहल पूरी तरह निवासियों की जरूरत को देखते हुए शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि सोसाइटी द्वारा लिया गया सामूहिक फैसला है। फिलहाल हर दोपहर पानी का स्प्रे दोहराया जाएगा, ताकि प्रदूषण के बीच लोगों को थोड़ी राहत मिलती रहे। साथ ही, पेड़ों, पार्कों और खुले क्षेत्रों की नियमित सफाई भी कराई जा रही है।

महिला निवासियों का कहना है कि पानी के छिड़काव के बाद बच्चों की आंखों में जलन और बार-बार होने वाली खांसी में कमी देखी गई है। उनका मानना है कि यदि आसपास की अन्य सोसायटियां भी ऐसे कदम अपनाएं, तो पूरे क्षेत्र की हवा थोड़ी बेहतर हो सकती है।

स्थानीय लोग इस पहल को एक सकारात्मक संदेश भी मान रहे हैं। उनका कहना है कि बड़ी समस्याओं का हल सिर्फ सरकार से उम्मीद करके नहीं निकलता, बल्कि समाज खुद आगे आकर छोटे-छोटे कदम उठाए तो भी लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। ब्रेव हार्ट्स सोसाइटी का यह प्रयोग इसी सोच का एक सफल उदाहरण बनता दिख रहा है।

सपा प्रदेश महासचिव ने किया एसआईआर को लेकर जनसंपर्क



शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया के नेतृत्व में लगातार #SIR महाअभियान को लेकर 57 विधानसभा मोदीनगर के ग्राम विद्यायपुर सपा नेता संदीप चौधरी, ग्राम टलाहटा नईम खान, ग्राम नहली प्रधान एहसान चौधरी व शहरी तोमर, ग्राम प्रधान एवं समाजवादी नेताओं से मुलाकात कर सभी लोगों को #SIR को लेकर मजबूती से कार्य करने का निर्देश दिया एवं ग्राम नहाली में भारी संख्या में ग्राम प्रधान एहसान चौधरी के नेतृत्व में #SIR को लेकर कार्यक्रम रखा व सभी लोगों को गिरीश मथुरिया जी ने जागरुक करा एवं सभी लोगों द्वारा भी आश्वासन मिला की हम हर बूथ पर मजबूताई से कम कर रहे हैं।

साथ के उपस्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष सपा ओबीसी वर्ग बल्लू सीकरी, जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर-1 राजेश जाटव, अल्पसंख्यक विधानसभा अध्यक्ष फिरोज सीकरी।

प्रदेश स्तरीय संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में छाया स्कूल की माही ने बाजी मारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। संविधान दिवस पर आयोजित संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में छाया पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा माही ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 21000 नगद ट्रॉफी वह प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया उनकी उपलब्धि पर स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी व प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा उसकी इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित कर आशीर्वाद दिया। डॉ. मंजू सिवाच ने कहा की छाया पब्लिक स्कूल आज खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश में ही नहीं देश में भी विशेष स्थान रखता है माही की कामयाबी पर हमें गर्व है। अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा की छाया पब्लिक स्कूल स्थापना कल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है और उनके द्वारा तैयार किए हुए विद्यार्थी देश ही नहीं विदेश में भी अपना प्रचम लहरा रहे हैं और आने वाले समय में देश को छाया पब्लिक स्कूल द्वारा अनेक प्रतिभाएं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। मैं माही ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन जिसने उसे विशेष स्कॉलरशिप शुरू से ही प्रदान की है अपने माता-पिता व गुरुओं को दिया है जिन्होंने उसे शिक्षा के साथ हर क्षेत्र का ज्ञान कराया और आज वह इस मुकाम पर पहुंची है इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मोदी कॉलेज में एनआरआई छात्रवृत्ति व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में रतन लाल-सावित्री देवी गुप्ता मैमोरियल एन आर आई छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में कराया गया, जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत सत्र 2025 के मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए विद्यालय के पुरातन छात्र प्रोफेसर डॉ रमेश चंद गुप्ता, वर्तमान में सेवारत यूनिवर्सिटी ऑफ लो विलेकैन (यू एस), जिन्होंने 1965 मे विद्यालय से 12 वी कक्षा उत्तीर्ण की, के अनुज भ्राता (सी ए) सुरिंदरपाल गुप्ता जिन्होंने 1968 में विद्यालय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की, ने एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की। वर्तमान मे 1980 से नाइजीरिया में सेटल्ड तथा अन्य भाई डॉ नरेंद्र पाल गुप्ता, डॉ अनिल गुप्ता एवं (सी ए) राजीव गुप्ता की जिन्होंने इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी, ने अपने माता पिता स्वर्गीय रतन लाल एवं स्वर्गीय सावित्री देवी गुप्ता की याद में विद्यालय के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने एवं उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से 2022 से एक छात्रवृति योजना आरंभ की है जो आगामी पाँच वर्षों तक मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का काम करते रहेंगे।

शूरसेन जयंती पर कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन बीस को

धामपुर। राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की बैठक में आगामी 20 दिसंबर को महाराजा शूरसेन जयंती कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सैनी समाज के लोगों से संपर्क स्थापित करने तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित संस्था के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के संरक्षक राजवीर सिंह सैनी ने सैनी समाज का आह्वान किया कि वह अपने पूर्वजो और महापुरुषों की स्मरणीयता बनाए रखने के लिए युवाओं को उनके गौरवशाली एवं स्वर्णिम इतिहास से परिचित कराएं तथा युवा शक्ति की अधिक से अधिक सहभागिता कार्यक्रमों में बनाने का संकल्प ले।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नगर में विधानसभा एवं जिला सभा के तत्वाधान में ग्राम कुन्हेड़ा में श्री भगवान परशुराम जी के मंदिर प्रांगण में एक बैठक की गई जिसमें सदस्यता पर विचार व ग्रामीण इकाइयों का गठन और विवाह योग्य लड़के लड़कियों का फार्म पंजीकरण पर विचार विमर्श एवं कार्य को बल देने का प्रस्ताव रखा गया और आगामी 25 दिसंबर को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती मनाने पर चर्चा हुई जयंती मनाने के लिए स्थान का चयन किया गया जो पंडित पंडित मदन मोहन मालवीयपब्लिक स्कूल सरना मुरादनगर में रखा गया बैठक की अध्यक्षता पंडित राधे शर्मा निवासी कुन्हेड़ा ने की और संच. ालन जिला महामंत्री पंडित प्रेमचंद शास्त्री ने किया बैठक में अखिल भारतीय परशुराम सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष पंडित ओमपाल शर्मा कैप्टन संजय सरमद दुहाई पंडित प्रमोद कौशिक नगर अध्यक्ष महामंत्री यदि देव शर्मा विधानसभा महामंत्री पंडित सोमदत्त शर्मा पूर्व अध्यक्ष पंडित जगदीश दत्त शर्मा मोरटा पंडित सुरेंद्र शर्मा मोहनपुर एडवोकेट विजय गॉड पंडित कुलदीप शर्मा पंडित अरुण शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल आदि सभी अतिथियों ने समाज सुधार एवं बच्चों का निर्माण तथा संस्कार आदि के विषय में विचार रखें

बैठक में पंडित अमित शर्मा नेकपुर पंडित परविंदरशर्मा कुन्हेड़ा पंडित सतपाल शर्म शिवकुमार शर्मा धर्मपाल शर्मा अमित कुमार शर्मा प्रवीन शर्मा राधेश्याम शर्मा सचिन शर्मा रोहित शर्मा देवेश शर्मा अवशेष शर्मा सुरेंद्र शर्मा महेंद्र शर्मा कुलदीप शर्मा नितिन शर्मा अभिजीत शर्मा राजकुमार शर्मा मुरादनगर विनोद शर्मा एडवोकेट आदित्य लोगों ने भाग लिया और सभी ने सभा के द्वारा दिए गए निर्देशों पर चलने का संकल्प लिया।

अभियान: नवम्बर में 2 लाख 30 हजार चालान 39 करोड़ रुपये से अधिक जुर्माना वसूला

गाजियाबाद। नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई और व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसते हुए पूरे महीने में कुल 2,30,412 चालान जारी किए। इन चालानों से पुलिस ने 39 करोड़ 30 लाख 58 हजार 800 रुपये का भारी जुर्माना वसूला। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल नियम तोड़ने वालों को दंडित करना है, बल्कि सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी है। अभियान के दौरान सबसे अधिक कार्रवाई बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर की गई। ऐसे 1,41,251 मामलों में चालान काटे गए, जो कुल कार्रवाई का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अलावा 21,409 लोग रॉन्ग साइड ड्राइविंग करते पकड़े गए, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के 662 मामलों में भी कार्रवाई हुई। अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 67,090 चालकों पर भी जुर्माना लगाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने मदवितबमउमदज के साथ-साथ जागरूकता पर भी बराबर जोर दिया। नवंबर महीने में पुलिस टीमों ने 240 स्कूलों और कॉलेजों में पहुंचकर 1,40,944 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। जिलेभर में लगभग 10 लाख लोगों को जागरूक किया गया। कई स्थानों पर निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, ताकि लोग सुरक्षा उपकरणों के महत्व को समझें और उनका उपयोग बढ़ाएं। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने स्पष्ट किया कि यह कड़ा अभियान केवल नवंबर तक सीमित नहीं रहेगा। पूरे वर्ष यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

मोदीनगर पुलिस ने हत्या के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। थाना मोदीनगर पर कविता पत्नी अनिल निवासी-ग्राम औरंगाबाद गदाना द्वारा नामजद तहरीर दी गई कि अभियुक्त रोहित चौधरी द्वारा वादिया के पति अनिल की हत्या कर देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुसंगत धारा 103 (1) बी.एन.एस. के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। एसीपी ने जताया कि मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त रोहित चौधरी पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम रोरी थाना मोदीनगर गाजियाबाद हाल पता बादल मार्केट के पास चूना भट्टी थाना मोदीनगर गाजियाबाद को थाना क्षेत्र मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन, मोदीनगर ने किया तीन तलाक केस प्रक्रिया का मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन, मोदीनगर द्वारा आयोजित मूट कोर्ट (वकालत प्रैक्टिस केस का नाम- सायाबानो बनाम भारत संघ-2019 वाद पर चर्चा की गयी) तीन तलाक केस प्रक्रिया का सफलतापूर्वक मंचन किया गया। कार्यक्रम में 150, से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के कानून एवंम अधिकार हेतू जागरूकता बढ़ाना और उनकी विश्लेषणात्मक क्षमताओं को निखारना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजू शिवाच विधायक, मोदीनगर उपस्थित थीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान की प्रबंध कमेटी से चेयरमैन अजय ग्रोवर, अभिषेक राय, दवेन्द्र ढींगरा, श्रुति राय उपस्थित थे। इस आर्दश कन्या गर्ल्स इण्टर कालेज, मोदीनगर की प्रधानाचार्या शिवाली बंसल, स्वेता सिंह एंव शिक्षिकाऐं व छात्राऐं उपस्थित थी। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें टीम वर्क और त्वरित सोच के महत्व को भी समझाया। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ सवालों के जवाब दिए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोमांचक हो गया। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन (मोदीनगर इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलोजी, नैनोटैक इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी, एमआईटी कालेज ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस) मोदीनगर स्थित एक प्रमुख शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्पित है,। संस्थान विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम (बीटैक, पालीटैक्निक डिप्लोमा, एमबीए, डी फार्मा, बीएएलएलबी, बीकॉमएलएलबी एवं एलएलबी) आदि की शिक्षा प्रदान करता है।

बिलाई मिल के गेट पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

हल्दौर। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की आंदोलन चेतावनी का प्रभाव बिलाई चीनी मिल प्रशासन पर स्पष्ट रूप से नजर आया है। संगठन की सख्त भूमिका और किसानों की एकजुटता के चलते बिलाई मिल ने अपने समस्त बकाया गन्ना भुगतान को निपटा दिया है। बकाया भुगतान के मुद्दे पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम बधावा में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में विकास उर्फ नूरी ने कहा कि तीन दिसंबर को बिलाई मिल गेट पर प्रस्तावित आंदोलन की घोषणा से मिल प्रशासन बैकफुट पर आ गया था। आंदोलन के दबाव के कारण ही मिल प्रशासन ने दो दिसंबर को शत-प्रतिशत बकाया भुगतान कर दिया। उन्होंने कहा कि यह किसानों की एकता और संगठन की ताकत की जीत है, जिसने मिल प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गन्ना भुगतान की लड़ाई यहीं खत्म नहीं होती। संगठन अब वर्तमान पेराई सत्र के गन्ना भुगतान को लेकर संघर्ष तेज करेगा।

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर

वाद सं.-315/2025

बरीरा उर्फ रूखसार बनाम कामिल मंसूरी

धारा-144 बी.एन.एस.एस.

थाना नूरपुर

बरीरा उर्फ रूखसार परवीन पत्नी कामिल मंसूरी पुत्री शाहिद हुसैन हाल निवासी मौहल्ला हजरतनगर नूरपुर, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर पिन कोड 246734

मो.नं.- 7819919126

आधार न.- 771528423477

बनाम

कामिल मंसूरी पुत्र शाहरून अहमद नि. मकान न. बी-216 रजिस्ट्रार आफिस के सामने रामपार्क लोनी गाजियाबाद, थाना लोनी, जिला गाजियाबाद, पिन 201102 मो.न. 9990158707

चूंकि उपरिनामांकित से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 10.12.2025 के दिवस को पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 10.12.2025

प्रबंधक

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर (उ.प्र.)

भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (ए.राजनी.तिक) की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारियों और भारी संख्या में पहुंचे किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी ने की। इस दौरान किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु तहसीलदार धामपुर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने ज्ञापन में कहा कि अंश निर्धारण में गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं, जिनका दुरुस्तीकरण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधित कार्यों में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसी प्रकार मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी अब तक नहीं खोली गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को भू-लेख संबंधी कार्यों में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आईटीएस डेंटल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए पीजीडे बड़े धूमधाम से मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एमडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिये पीजी डे का आयोजन बड़े धुम-धाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ शुरू हुआ, जिसमें सभी एमडीएस पाठ्यक्रम के 120 से अधिक छात्रों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप डांस, डुएट डांस, सोलो डांस, डुएट सिंगिंग, सोलो सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, पोएट्री एवं फैशन शो जैसे कलचरल कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के एमडीएस के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर की शोभा आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की गरिमामयी उपस्थिति ने बढायी। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ0 देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ डीन्स, सभी विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक उपस्थित रहें। अंत में प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा द्वारा सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान संस्थान में एक उच्च स्तर की ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखा गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्देश जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सर्दियों में बेघरों को सर्दी से बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने समुचित तैयारी कर ली है। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरे (शेल्टर होम) कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि इस बार विंटर एक्शन प्लान के अंतर्गत अधिकारियों को यह भी आदेश दिए गए हैं कि अस्पतालों में मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल आदि की कमी न होने पाए।

मुख्यमंत्री के अनुसार अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए विभिन्न संभावनाओं का पता और उन पर अमल किया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर न पड़े। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी/पालना केंद्रों को भी सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने इस बार एक विशेष आदेश यह भी जारी किया है कि सरकारी इमारतों में कार्यरत गार्ड्स को सर्दी को सर्दी से बचाव के लिए हीटर आदि लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि सर्दी के दौरान राजधानी के बेघर और निर्धन नागरिकों को सर्दी के मौसम में सुरक्षित आश्रय देने की व्यवस्था कर ली गई है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी में 197 स्थायी रैन बसेरे हैं, जहां लगभग 18 हजार बेघरों के रहने के इंतजाम है। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में बेघरों के रहने के लिए 250 अस्थायी रैन बसेरों में से 204 बना लिए गए हैं और वहां पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सभी रैन बसेरे कार्यरत हैं और 15 मार्च तक उनकी पूरी निगरानी की जाएगी ताकि बेघरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि बेघरों की जानकारी व उनकी सुरक्षा के लिए रैन बसेरा ऐप भी काम कर रहा है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि कोई भी नागरिक सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे न रहे। दिल्ली के ये रैन बसेरे केवल छत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रतीक हैं। प्रत्येक रैन बसेरे में बिस्तर, गद्दे, चादरें, तकिए, कंबल, बिजली, मच्छर नियंत्रण यंत्र, वॉटर कूलर और महिलाओं के लिए सीसीटीवी व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार विंटर एक्शन प्लान के तहत हमारी सरकार ने पिछली बार की अपेक्षा इस बार अधिक प्रभावी कदम उठाए हैं और इसकी परिधि में गरीबों के अलावा अन्य समुदाय को भी जोड़ा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्दियों के दौरान अस्पतालों में मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल आदि की कमी न होने पाए।

मुख्यमंत्री के अनुसार सर्दियों के दौरान स्कूली बच्चों को ठंड से बचाना बहुत जरूरी है ताकि उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर न पड़े। अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए विभिन्न संभावनाओं का पता किया जाए और संभव हो तो सीएसआर के माध्यम से उन पर अमल किया जाए। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी/पालना केंद्रों को भी सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं।

संचार साथी ऐप को अनिवार्य बनाने का आदेश निजता पर हमला: केजरीवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। । आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सभी नए स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप को पहले से इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के आदेश को "व्यक्तिगत निजता पर खुला हमला" बताते हुए मंगलवार को इस ''फरमान'' को तुरंत वापस लेने की मांग की।

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट निर्माताओं और आयातकों को निर्देश दिया है कि 90 दिनों के भीतर सभी नए उपकरणों में धोखाधड़ी की जानकारी देने वाला ऐप 'संचार साथी' पहले से इंस्टॉल होना चाहिए। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सभी मोबाइल निर्माताओं को नए और मौजूदा फोन में संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करने का मोदी सरकार का आदेश व्यक्तिगत निजता और स्वतंत्रता पर खुला हमला है। दुनिया के किसी भी लो. कतंत्र ने ऐसा करने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने कहा, "सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में न तो ऐप इंस्टॉल करने के लिए व्यक्तिगत सहमति की बात कही गई है और न ही इसे किसी भी समय हटाने का विकल्प देने का उल्लेख है। केजरीवाल ने कहा, "आम आदमी पार्टी इस तरह के घोर तानाशाही कदम की निंदा करती है और अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग करती है।

ट्रेनों में लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने आईजीआई एयरपोर्ट पर पांच वांछित कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह गिरोह ट्रेनों में यात्रियों के सामान से सोना, नकदी और अन्य कीमती सामान चुराने के लिए जाना जाता है। पुलिस को यह सफलता महाराष्ट्र के मिराज रेलवे पुलिस स्टेशन से सूचना मिलने के बाद मिली है। अपराध शाखा ने कहा कि 26 नवंबर, 2025 कोपुणे में एक ट्रेन से 10 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी से संबंधित मिराज रेलवे पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज की गई थी।30 नवंबर 2025 को क्राइम ब्रांच को मिराज रेलवे पुलिस स्टेशन से एक फोन आया, जिसमें उन्हें सूचित किया गया कि पांच वांछित आरोपी गोवा से दिल्ली की फ्लाइट से यात्रा कर रहे हैं और आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की एक टीम आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंची। टीम ने जाल बिछाया और कड़ी निगरानी के बाद आरोपियों को पकड़ लिया, जिनकी पहचान हवा सिंह, अमित कुमार, कुलदीप, अजय और मोनू के रूप में हुई।तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 177 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए, जिसके बारे में उन्होंने स्वीकार किया कि ये आभूषण अन्य यात्रियों से चुराए गए थे।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, ष्हवा सिंह, अमित कुमार, अजय और मोनू ने उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।ष उन्हें धारा 35 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।अधिकारियों के अनुसार, आरोपी एक कुख्यात गिरोह के सदस्य हैं जो एसी डिब्बों और लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाते हैं। आरोपी खासकर उन लोगों को निशाना बनाता था जो अमीर दिखते हैं या जिनके पास सोने के गहने होते हैं। यह गिरोह अक्सर चोरी करने के लिए दिल्ली से ट्रेन और बस से विभिन्न शहरों में जाता है।

बाइक पर स्टंट करना महंगा पड़ा नियंत्रण खोने से हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सुल्तानपुरी इलाके में स्टंट करते समय कथित तौर पर अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो देने और एक डिवाइडर और ई-रिक्शा से टकराने के बाद 25 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना की सूचना सोमवार को तब मिली जब एक कॉलर ने पुलिस को इस दुर्घटना और घटनास्थल पर भीड़ जमा होने की सूचना दी। एक अधिकारी ने बताया कि कॉलर यह नहीं बता सका कि दुर्घटना कैसे हुई। मृतक की पहचान वजीरपुर निवासी शिवम के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि शिवम एक शादी समारोह से लौट रहा था, जहां वह अपने चचेरे भाई यश और उनके दोस्त अंशु के साथ ड्रम बजा रहा था। अधिकारी ने कहा कि यश और अंशु दोनों ड्रमर हैं जो स्थानीय कार्यक्रमों में प्रदर्शन करते हैं। शिवम पटेल नगर में एक ऑनलाइन किराना डिलीवरी फर्म में हाउसकीपर के रूप में काम करता था। जांचकर्ताओं के अनुसार, तीनों लोग अस्पताल के पास रुके और अंशु पानी लेने के लिए एक किराने की दुकान पर चला गया। इस दौरान, शिवम ने कथित तौर पर अपनी मोटरसाइकिल पर स्टंट करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि उसने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकरा गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान की तैयारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए।

17 आपराधिक मामलों में शामिल आरोपी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन से जुड़े सत्रह आपराधिक मामलों में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है।कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के एक पेंडिंग केस में उसके खिलाफ नॉन-बेलेबल वारंट जारी किया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि ड्रग सप्लायर, गैर-कानूनी शराब तस्कर और गैर-कानूनी हथियार रखने/इस्तेमाल करने वालों/ सप्लायर को टारगेट करने के लिए एक खास ड्राइव शुरू की गई थी। ड्राइव के दौरान पता चला कि आरा. `पी, फारुख उर्फ घ्घ्शहजाद (35) पहले भी स्नैचिंग, दिल्ली मेट्रो के अंदर चोरी और गैर-कानूनी हथियार रखने के मामलों में शामिल था।निर्देशों के मुताबिक, आरोपी की मूवमेंट और ठिकाने का पता लगाया गया, और वह नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के सीमापुरी इलाके में मिला। क्योंकि सीमापुरी थाने के आर्म्स एक्ट केस के चल रहे ट्रायल में पेश न होने पर उसके खिलाफ नॉन-बेलेबल वारंट जारी किया था। इसके बाद एसीपी नरेंद्र बेनिवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुंडू के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मोहित, राजीव और प्रिंस की टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी फारुख उर्फ शहजाद को पकड़ लिया।

लाल किला विस्फोट मामले में आमिर राशिद अली अदालत में पेश

नई दिल्ली। लाल किला विस्फोट मामले के आरोपियों में से एक आमिर राशिद अली को मंगलवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत में पेश किया गया। इस मामले में पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अली को प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया। मामले में सुनवाई जारी है। अदालत ने 29 नवंबर को लाल किला विस्फोट के सिल. सिले में गिरफ्तार किए गए तीन डॉक्टर और एक धर्मगुरु को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए ''सफेदपोश'' आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा है।

सुबह छाई रही धुंध एक्यूआई 340 दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को हवा जहरीली रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 340 रहा, जो सोमवार सुबह नौ बजे 301 था। सीपीसीबी के 'समीर' 'ऐप' के आंकड़ों के अनुसार, 39 निगरानी केन्द्रों में से दो चांदनी चौक और विवेक विहार में वायु गुणवत्ता 'गंभीर श्रेणी' में रही, जहां एक्यूआई 400 के पार था। सीपीसीबी के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है।

वाहन चोर गिरफ्तार तीन बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वाहन चोरी की घटनाओं पर शाहदरा पुलिस ने नकेल कसी है। जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) टीम ने एक सक्रिय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक इस गिरफ्तारी से शाहदरा और पूर्वी जिले के तीन मामलों का निपटारा हुआ है।

डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि एएटीएस शाहदरा की टीम हालिया चोरियों की कड़ी जांच में जुटी थी। पुलिसकर्मियों ने घटनास्थलों की फुटेज खंगाली, स्थानीय मुखबिरों से जानकारी जुटाई और संदिग्धों पर नजर रखी। सोमवार को टीम को गुप्त सूचना मिली कि सफेद एक्टिवा पर एक वाहन चोर क्रॉस रिवर मॉल से महाराजा सूरजमल रोड की तरफ आने वाला है। सूचना की पुष्टि कर पुलिस ने मौके पर जाल बिछाया और संदिग्ध शिवम (23) को पकड़ लिया। जांच में उसकी स्कूटी चोरी की निकली, जिसे वह किसी शख्स तक पहुंचाने वाला था। तफ्तीश के दौरान शिवम ने दो और बाइक चोरी की बात कबूल की। पुलिस टीम ने उसकी बताई जगहों से दो हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद की। सभी वाहन शाहदरा और ईस्ट दिल्ली के अलग-अलग थानों से चोरी हुई थी। पूछताछ में सामने आया कि वह शराब और नशे का आदि है।

डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। हमारा हर डिजिटल दस्तावेज पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में आयोजित डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही।

आगामी शीतकालीन सत्र के लिए दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) पर आईटी विभाग द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित थे। अध्यक्ष ने अधिकारियों से संवाद करते हुए इस प्रणाली को दक्षतापूर्वक अपनाने का आग्रह किया और कहा कि यह परिवर्तन न केवल विभागों बल्कि विधानसभा की कार्यप्रणाली के लिए भी अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा।आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक कल्याण विभाग; अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, सहकारी विभाग,चुनाव,विधि एवं न्याय,श्रम, रोजगार,विकास, कला, संस्कृति एवं भाष, पर्यटन, उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

शेष विभागों के अधिकारियों को कल डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि इस डिजिटल परिवर्तन से विधायी प्रक्रियाओं में उपयोग होने वाले कागज की भारी मात्रा समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तर, विधेयक, प्रस्तुत पत्र, विशेष उल्लेख और विधानसभा से संबंधित अन्य समस्त कार्य अब नेवा डिजिटल मॉड्यूल के माध्यम से संचालित होंगे, जिससे विभागों और विधानसभा के बीच संवाद अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पूर्ण उत्तरदायी बनेगा।दिल्ली विधान सभा पर्यावरणीय संरक्षण, सुशासन में नवाचार तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। माननीय अध्यक्ष ने कहा कि विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ विधानसभा दृढ़तापूर्वक एक पेपरलेस एवं भविष्य उन्मुख व्यवस्था की ओर अग्रसर है, जो देश की अन्य विधानसभाओं के लिए एक आदर्श स्थापित करेगी।

अवध ओझा ने 'आप' पार्टी को कहा अलविदा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कोचिंग टीचर और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा ने आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया है। कुछ ही महीनों की राजनीतिक पारी के बाद, उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की।

अवध ओझा, जो अपनी प्रेरणादायक बातों और छात्रों के बीच लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं, ने हाल ही में राजनीति में कदम रखा था। आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद, उन्होंने पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाई थी। हालांकि, उनकी राजनी. तिक पारी अल्पकालिक रही और उन्होंने अब राजनीति से दूरी बनाने का फैसला किया है। अपने 'एक्स' पर पोस्ट में, अवध ओझा ने आम आदमी पार्टी और इसके नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ष्मैं आम आदमी पार्टी को अलविदा कह रहा हूं। मैं हमेशा इस पार्टी का ऋणी रहूंगा। आप एक महान नेता हैं।ष

अपने पोस्ट में लिखा कि अरविंद जी ,मनीष जी, संजय जी, सभी आप के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नेता आदि आप सभी का दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद है। जो प्रेम और सम्मान अपने दिया। मैं उसका ऋणी रहूंगा। राजनीति से संन्यास मेरा व्यक्तिगत निर्णय है।

विधानसभा में आयोजित डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता।

यमुना नदी में माइक्रोप्लास्टिक व फोमिंग पर रिसर्च रिपोर्ट की समीक्षा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण विभाग ने आज एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। बैठक में टेरी की यमुना में माइक्रोप्लास्टिक और फोमिंग के स्तर के कारणों पर की गई विस्तृत स्टडी पर चर्चा हुई। टेरी के विशेषज्ञों ने मंत्री के समक्ष यमुना के पानी की गुणवत्ता पर विस्तृत जानकारी दीख्रजिसमें सर्फैक्टेंट्स, आर्गेनिक प्रदूषण, अमोनिया और माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा शामिल थी। इस अवसर पर पर्यावरण, उद्योग, स्वास्थ्य, जल एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों भी मौजूद रहे। अध्ययन के लिए टेरी ने दिल्ली हिस्से में यमुना और उससे जुड़े प्रमुख नालों, औद्योगिक इलाकों और एसटीपी के लगभग 50 मुख्य स्थानों से करीब 100 सैंपल लिए। रिपोर्ट में यह सामने आया कि कुछ जगहों पर बिना ट्रीट किया हुआ सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट और ठोस कचरा यमुना में फोमिंग, केमिकल प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक बढ़ाने के प्रमुख कारण हैं। रिपोर्ट में एडवांस ऑक्सिडेशन प्रोसेस, बायोलॉजिकल ट्रीटमेंट और बेहतर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें अपनाने की सलाह दी गई है। सिरसा ने कहा, कि दिल्ली सरकार यमुना की सफाई को सबसे बड़ी प्राथमिकता मानते हुए वैज्ञानिक और डेटा आधारित कदम तेजी से उठा रही है। टेरी की रिपोर्ट के आधार पर माइक्रोप्लास्टिक, फोमिंग और बाकी प्रदूषकों से निपटने के लिए सीवेज, उद्योग, ठोस कचरा और जन-जागरूकता पर एक साथ काम करना होगा।

स्क्रैप बेचने के लिए गोदाम के बाहर बुलाकर की डकैती, सीसीएल सहित सात आरोपी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार थाने टीम ने डकैती का मामला सुलझाकर एक सीसीएल सहित सात आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से लूटी हुई नगदी 9,100, एक मोबाइल, अपराध में इस्तेमाल एक बाइक और स्कूटी बरामद की है। आरोपियों ने स्क्रैप बेचने के लिए गोदाम के बाहर बाहर बुलाया था।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 27.नवंबर को,सुबह लगभग 3:10 ाड बजे, निहाल विहार थाने में एक डकैती की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। आईओ एसआई अशोक सिंह चौहान अपने स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां शिकायत करने वाले ने बताया कि 27 नवबर को सुबह करीब 3:00 बजे, जब वह अपने परिवार के साथ निलोठी एक्सटेंशन, चंदर विहार में अपने स्क्रैप गोदाम में सो रहा था, तो 5-6 अनजान लोगों ने उसे स्क्रैप बेचने के लिए बाहर बुलाया। अचानक, उनमें से एक ने डेड-लॉक चोक लगा दिया, जिससे वह गिर गए और उनकी पीठ में चोट लग गई। इस बीच, बाकी लोग उनके कमरे में घुस गए और एक स्टील के बक्से से 23,000 रूपये और एक मोबाइल फोन लूट लिया। शोर सुनकर उनका बेटा और मजदूर जाग गए, जिसके बाद आरोपी गोदाम के बाहर बिना नंबर प्लेट वाली एक स्कूटी छोड़कर भाग गए। छोड़ी हुई स्कूटी पुलिस के कब्जे में ले ली गई। वेरिफिकेशन करने पर, यह चोरी की पाई गई ।इसके बाद निहाल विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी पश्चिम विहार स्वागत आर पाटिल की देखरेख में एसएचओ निहाल विहार शीश पाल के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, टीम ने क्राइम सीन से जुड़े अलग-अलग रास्तों से सीसीटीवी फुटेज क्लिप की बारीकी से जांच की।

महीपाल सिंह ने जीता चेन्नई ओपन का खिताब

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। तमिलनाडु के महीपाल सिंह ने द चेन्नई डायमंड्स द्वारा आयोजित दूसरे चेन्नई ओपन टेनपिन बॉलिंग चैंपियनशिप का खष्तिाब जीता, जो चेन्नई के लेट्स बॉल में संपन्न हुई। ओपन डिवीजन फाइनल में, जो चैलेंज द लीडर फॉर्मेट पर आधारित था, दूसरी सीड बेवनगोपाल एल ने टॉप सीड महीपाल सिंह के खिलाफ पहला गेम (208-194) जीता, जिससे विजेता तय करने के लिए दूसरे गेम की जरूरत पड़ी।

दूसरे गेम में महीपाल ने लगातार तीन स्ट्राइक्स के साथ शानदार शुरुआत करते हुए 200 का स्कोर बनाया, जबकि बेवनगोपाल 168 पर रहे और इस तरह महीपाल चौंपियन बने। इससे पहले स्टेपलैडर राउंड के पहले मैच में, तीसरी सीड तमिलनाडु के आनंद बाबू ने चौथी सीड तेलंगाना के निखिल वसुद्दम को 222ख्र183 से हराया। सेमीफाइनल में, पश्चिम बंगाल के बेवनगोपाल लाहोटी ने आनंद बाबू पर आसान जीत (223-191) दर्ज की। डबल्स डिवीजन में, कर्नाटक के परेश अहमद और वकील आर (737 पिन) ने तमिलनाडु के गुरुनाथन और सोबन डी (735 पिन) के खिलाफ रोमांचक फाइनल में केवल 2 पिन के अंतर से जीत दर्ज की।

दो गेमों के कुल पिनफॉल पर आधारित टाइटल मैच के पहले गेम में, चौथी सीड परेशख्रवकील (386) ने तीसरी सीड गुरुनाथन-सोबन (385) पर 1 पिन की बढ़त बनाई। दूसरे गेम में दोनों टीमों ने बढ़त हासिल करने के लिए जी-जान से संघर्ष किया, और अंतिम फ्रेम में वकील आर की एक स्ट्राइक ने कर्नाटक की टीम (351-350) के लिए खिताबी जीत सुनिश्चित कर दी।

सिद्धवड में उपधान 385 माला-रोपण प्रसंग पर छह हजार की जनमेदनी

मौन चातुर्मास को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिला

पालिताणा, सिद्धवड। शत्रुंजय महातीर्थ की तलहटी में स्थित पावनभूमि सिद्धवड में शुक्रवार को उपधान मोक्ष/माला-रोपण का प्रसंग धार्मिक आस्था और विशाल भक्त उपस्थिति के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। विधिवत प्रारंभ हुए 385 मोक्ष महामाला आरोहण प्रसंग में छह हज़ार से अधिक श्रावक/श्राविकाओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक अवसर का पूर्ण अनुशासन और भक्तिभाव के साथ लाभ लिया। इस दर्शनीय प्रसंग में उपधान तप के नियमों अनुसार पारायण, पूर्णाहुति कार्यक्रम तथा धार्मिक आराधनाओं के साथ

मौन/साधना का सुंदर उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा यजमान चंदन परिवार के पंकजभाई के. शाह को चातुर्मास पर्व में अनोखी मौन/शिबिर आयोजन के लिए प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। हाल ही में सिद्धवड तीर्थ में चातुर्मास के दौरान 1100 से अधिक साधकों ने 50 दिनों तक आध्यात्मिक आराधना के साथ मौन-व्रत का पालन किया था और इस अवधि में मोबाइल फोन का भी त्याग किया था। यह मौन-व्रत चातुर्मास इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। इस चातुर्मास पर्व और शिबिर के लाभार्थी पंकजभाई शाह का परिवार था।

इसके अतिरिक्त सिद्धवड में 27 नवम्बर को मु. विरति बेन की दीक्षा होने जा रही है। 30 नवंबर को मु. चारित्र, दीपिका और शाश्वत दीक्षा ग्रहण करेंगे। 5 दिसम्बर को और तीन दीक्षा होंगी और उसी दिन प्रेम/भुवनभानु परिसर में 108 शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। 7 दिसम्बर को पालिताणा की अंकिबाई धर्मशाला में तीन दीक्षाएं होंगी।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आठ दिसम्बर को हरिद्वार में

नई दिल्ली। मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स की अति आवश्यक राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 8 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 03.00 बजे से पावन धाम, भूपतवाला, हरिद्वार,उत्तराखण्ड में आयोजित होने जा रही है। जिसमें संगठन व पत्रकार हितों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति अति आवश्यक है। उक्त जानकारी मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप शर्मा ने दी है।

ई-रिक्शा चालक की दबंगई, होमगार्ड से बीच सड़क पर मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। नगर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम स्थान मेरठ तिराहे पर मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक ई-रिक्शा चालक ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड से अभद्रता करते हुए बीच सड़क पर हाथापाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार होमगार्ड ने ई-रिक्शा चालक को ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने हेतु रुकने का इशारा किया था, जिसके बाद चालक भड़क गया और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया।

घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कुछ राहगीरों ने पूरा घटनाक्रम अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। कुछ ही मिनटों में मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसे लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। वायरल वीडियो में ई-रिक्शा चालक को होमगार्ड को धक्का देते और मारपीट करते हुए साफ देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। नगर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को किसी तरह नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और संबंधित ई-रिक्शा चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेरठ तिराहा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था पहले से ही बदहाल रहती है और ऐसे घटनाक्रम से हालात और बिगड़ सकते हैं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले जवानों के साथ इस प्रकार की अभद्रता को लेकर लोगों में नाराजगी है। पुलिस

अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर सरकारी कर्मचारी से मारपीट एक गंभीर अपराध है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तिराहे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर भी विचार किया जा रहा है। घटना के बाद से ई-रिक्शा चालक फरार बताया जा रहा है, जबकि पुलिस उसकी तलाशी में जुटी है। वीडियो वायरल होने के बाद शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर फिर एक बार बहस छिड़ गई है।

भाजपा की नई नेतृत्व टीम को मिला जनसमर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। भारतीय जनता पार्टी में मंगलवार का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा, जब पार्टी की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एक नई उमंग छा गई, और पदभार ग्रहण समारोह किसी बड़े उत्सव से कम दिखाई नहीं दिया।

सुबह से ही कविता माधरे के पटेल नगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं का तांता लगना शुरू हो गया। स्वागत में फूल-मालाओं की बरसात, ढोल-नगाड़ों की गूंज और बैंड की धुनों के साथ एक विशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस पटेल नगर से शुरू होकर रेलवे रोड, अतरपुरा चौपला, गढ़ रोड और दिल्ली रोड होते हुआ पार्टी कार्यालय तक पहुंचा। रास्ते में कई स्थानों पर मंच बनाकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा

कर नया जोश और उत्साह पैदा किया। माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा था और नारेबाज़ी से पूरा शहर गूंजता रहा। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने औपचारिक रूप से कविता माधरे को जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने कहा कि कविता माधरे की नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान होगी। पदभार ग्रहण करते हुए कविता माधरे ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान है और वे इसे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। हमारा लक्ष्य जनता से सीधा संवाद बढ़ाना और उनके मुद्दों पर तत्परता से कार्य करना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला महामंत्री मोहन सिंह, कपिल एसएम, अशोक बबली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साइबर केसों में बिना सूचना व्यापारियों के खाते फ्रीज, सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जिले का व्यापारी वर्ग इन दिनों गंभीर परेशानी से जूझ रहा है। दूसरे राज्यों में दर्ज पुराने साइबर अपराध मामलों के आधार पर हापुड़ के व्यापारियों के बैंक खाते बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के अचानक लियन या फीज कर दिए जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

व्यापारी नेताओं के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां साइबर क्राइम पुलिस ने बिना विस्तृत जांच और बिना व्यापारी को सुनवाई का अवसर दिए सीधे खाते ब्लॉक कर दिए। व्यापारियों का कहना है कि जब चेक बाउंस होने या भुगतान रुकने पर जानकारी मिलती है, तब

जाकर उन्हें खाते बंद होने का पता चलता है। व्यापारी बताते हैं कि एक खाते को चालू कराने में उन्हें कई दिनों तक थाने, साइबर सेल, बैंक और कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस प्रक्रिया में व्यापार ठप होने से आर्थिक नुकसान, ब्याज, पेनल्टी और मानसिक तनाव अलग से झेलना पड़ता है। परेशानी बढ़ने पर पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल हापुड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा, जिसे साइबर क्राइम क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा को सौंपा गया। व्यापार मंडल ने ज्ञापना मे मांग की है कि बैंक खातों को फ्रीज-लियन करने की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए। कार्रवाई से पहले और बाद में व्यापारी को नोटिस देकर जवाब देने का पूरा अवसर दिया जाए। ईमानदार व्यापारियों की सुरक्षा के लिए एक सरल और एकीकृत सिस्टम बनाया जाए। जिला अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने कहा कि व्यापारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, ऐसे में गलत सूचना या अस्पष्ट नियमों के चलते उनके साथ हो रहा उत्पीड़न पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल पूरी तरह एकजुट है और व्यापारियों को न्याय दिलाकर रहेगा। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष ऋभ गर्ग हाइड्रो वाले, उपाध्यक्ष मो. हित अग्रवाल सुरुचि साड़ी, राजीव अग्रवाल लकड़ी वाले, मंत्री राजेश नारंग, यशपाल तनेजा, विनोद थापर, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल तेल वाले, कपिल अग्रवाल अंबानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

हाईवे पर एंबुलेंस-ट्रक की भीषण भिड़ंत, टला बड़ा हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार एंबुलेंस और ट्रक की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दूर तक धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। हादसे में एंबुलेंस और ट्रक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे के समय एंबुलेंस में एक मरीज, चालक और एक पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद थे। टक्कर के बाद कुछ क्षण के लिए माहौल दहशत में बदल गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि एंबुलेंस में सवार सभी लोग गंभीर हादसे से बाल-बाल बच गए।

हालांकि एंबुलेंस चालक को हल्की चोटें आई हैं, जिनका मौके पर ही प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही हापुड़ देहात पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। हाईवे पर लगे हल्के जाम को पुलिस ने तुरंत हटवाया और वाहनों को क्रेन की मदद से किनारे कराया। पुलिस दोनों वाहनों की क्षति और हादसे के कारणों की गहन जांच कर रही है। हाईवे पर मौजूद लोगों के अनुसार, अचानक ब्रेक लगने और तेज रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ। एंबुलेंस की रफ्तार ज्यादा होने की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और पूरी घटना की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अचानक हुए इस बड़े हादसे ने राहगीरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी। लोग काफी देर तक मौके पर चर्चाओं में जुटे रहे और हाईवे पर सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते दिखे। पुलिस ने अपील की है कि वाहन चालक हाईवे पर गति नियंत्रित रखें और सतर्कता के साथ वाहन चलाएं, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

मोबाइल कंपनी के टावर लगाने का लोगों ने किया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। नगर के वार्ड नंबर 2 के निवासियों ने मंगलवार को तंग गलियों और घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने पर विरोध जताया। इसके बाद कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को वार्ड के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी धर्मपाल, मदन सिंह, जय सिंह, पंकज, राहुल आदि लोगों ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएससी, 2023 की धारा 165 के तहत अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की, ताकि उनके घरों के निकट खाली पड़े प्लाट पर लगाए जा रहे टावर का काम न हो। उन्होंने आरोप लगाया है कि मोबाइल टावर से निकलने वाले विद्युत चुम्बकीय विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा है। यह टावर घरों, के पास लगने जा रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। आंधी बारिश के मौसम में टावर आसपास की इमारतों पर अतिरिक्त भार डालेगा। तेज आंधी या भूकंप जैसी परिस्थितियों में टावर गिरने का खतरा है, जिससे आस-पास के लोगों की जान को जोखिम हो सकता है। लोगो ने आरोप लगाया कि टावर की अनुम. ति देने से पहले स्थानीय लोगों से कोई सहमति या सूचना नहीं ली गई, जो पारदर्शिता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। उक्त लोगों ने टावर के कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने की बात कहीं है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। जनपद रामपुर के थाना सैफनी के गांव रमाना पट्टी निवासी सत्यभान सिंह मंगलवार की सुबह को बाइक से सवार होकर दिल्ली की ओर जा रहे थे। जैसे ही पलवाड़ा मार्ग के निकट पहुंचे तो पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी महिला पिछले काफी दिनों से मानसिक तनाव में चल रही थी। उसका पति मजदूरी करता है और परिवार में पति के अलावा दो बच्चे है। बताया गया है कि सोमवार की रात को परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए। सुबह जब महिला के पति की आंख खुली तो देखा कि पत्नी अपने कमरे में नहीं है। वह दूसरे कमर में गया तो देखा कि उसकी पत्नी का शव कमरे में पंखे से फंदे पर लटका हुआ है। पत्नी को देखकर उसकी चींख निकल गई। परिवार के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टि में मामला आत्महत्या से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की की कार्रवाई

बिजली की चिंगारी से जली गन्नें की फसल

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। क्षेत्र के गांव कुलपुर के जंगल में बिजली के तारों से निकली चिंगारी से किसान की करीब तीन बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायत कर जर्जर बिजली की लाइन को खेत से हटाने और नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसान अरुण त्यागी ने बताया कि उन्होंने खेत में गन्ने की फसल को बोया हुआ है। सोमवार को वह खेत पर फसल को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन में अचानक से चिंगारी निकलकर उनकी गन्ने की फसल में गिर गई जिससे देखते ही देखते आग लग गई। आग लगने से उनकी करीब तीन बीघा फसल नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने बताया कि पूर्व में भी आग लगने से इस प्रकार फसल नष्ट हो चुकी है। पीड़ित ने खेतों के ऊपर से गुजर रही लाइन को हटाते हुए नष्ट हुई फसल का मुआवजा देने की मांग की है।

एक नजर

ताला तोड़ कर हजारों की नकदी चोरी की

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। नगर के मोहल्ला मृद्यापाड़ा निवासी गणेशदत्त ने बताया कि वह परिवार के साथ दिल्ली में रहते है। उनके गढ़ नगर में स्थित मकान पर ताला लगा हुआ है। सोमवार को उनके पड़ोसी ने उनको सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा पड़ा हुआ है। पड़ोसी की बात सुनकर वह अपने नगर में स्थित घर पर पहुंचा तो देखा कि मुख्य दरवाजे के अलावा मकान के अन्य कमरों का भी ताला टूटा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि चोर उनके घर से संदूक का ताला तोड़कर करीब 26 सौ रुपये की नकदी चोरी कर ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी बबलू ने बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में मिक्की माउस लगाता है। उसने बताया कि सोमवार को उसने एक वैवाहिक कार्यक्रम में मिक्की माउस लगाया हुआ था। तभी वहां मौजूद गांव खुड़लिया निवासी शगुन आदि ने मिलकर उसको गाली गलौज की। पीड़ित ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रास्ते के विवाद को लेकर हमला करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी इमराना ने बताया कि उनके घर के सामने पड़ोसी मार्ग पर अवरोधक पैदा कर रहे है। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका है। सोमवार को भी पड़ोसी ने उसको देखकर गाली गलौज की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पड़ोसी पर लगाया मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार को वह अपने घर पर काम कर रही थी। तभी उसका पड़ोसी और उसकी पत्नी उसको गाली गलौज करने लगी। पीड़िता ने उनको ऐसा करने से मना किया तो आरोपी पड़ोसी उसके घर में घुस गया। वहां आकर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला को ब्लैकमेल कर वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार मोबाइल फोन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने महिला को ब्लैकमेल कर उससे धन. राशि हड़पने के सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त रियलमी मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप जैसा माहौल बन गया और पीड़ित पक्ष ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि ब्लैकमेलिंग के मामले में फरार आरोपी अपने ठिकाने पर मौजूद है। सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी दानिश पुत्र अनीस अहमद निवासी ग्राम परतापुर, थाना बीबी नगर, जनपद बुलंदशहर, वर्तमान निवासी मौ. रफीकनगर, गली नंबर 11, थाना हापुड़ नगर को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक आरोपी लंबे समय से पीड़ित महिला को ब्लैकमेल कर उससे धनराशि वसूल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से वही मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल वह घटना में करता था। पुलिस टीम ने आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर रोड चौपला पर मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। स्याना रोड किनारे साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल सवार सड़क पर गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान फतेहपुर गांव निवासी राजेंद्र कश्यप के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार, राजेंद्र रोजाना की तरह किसी काम से साइकिल पर जा रहे थे। जैसे ही वह कुचेसर रोड चौपला के पास पहुंचे, तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोग बदहवास अवस्था में रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने ट्रक को कुछ दूरी से ही पकड़ लिया और चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर मौत का कारण बनने की धाराओं में मामला दर्ज कर पूरी जांच शुरू कर दी गई है।

प्रदूषण रोकथाम दिवस पर सिम्स में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस के अवसर पर सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र मुखीमपुर में एक व्यापक और प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साम. दायिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय और युवा विद्यार्थियों को प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था जिसमें पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया।

जागरूकता सत्र का संचालन

शुभम कुमार शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर कम स्टैटिस्टिशियन और डा. वैभव त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस 2023 बैच के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष, डा. विनीत रस्तोगी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर ग्रामीण समुदाय को जागरूक करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का एक बड़ा हिस्सा पर्यावरण से जुड़ा है और इसलिए स्वास्थ्य संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे जनमानस को प्रदूषण रोकथाम की दिशा में शिक्षित और प्रेरित करें। इस कार्यक्रम को सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के वरिष्ठ नेतृत्व की ओर से भी पूर्ण समर्थन और प्रशंसा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें ग्रीन हैबिट्स अपनाकर एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य के निर्माण का वचन शामिल था। इस अवसर ने ग्रामवासियों, छात्रों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच पर्यावरणीय जिम्मेदारी के महत्व को पुनः स्थापित किया और समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रदूषण रोकथाम में सहयोग करने का संदेश दिया।

पुलिस की प्रभावी पैरवी का असर, अवैध चाकू रखने वाले आरोपी को सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। एसपी के निर्देशन में जनपद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में पुलिस की प्रभावी और सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय ने एक आरोपी को सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि को सजा मानते हुए आर्थिक दंड भी लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी राशिद पुत्र नसीर अहमद निवासी ईदगाह कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर के खिलाफ वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत थाना हापुड़ नगर में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमे की विवेचना के दौरान हापुड़

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया तथा पूर्ण आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। केस की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने आरोप सिद्ध पाते हुए आरोपी को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई अवधि 6 माह 11 दिन की सजा स्वीकार की है। साथ ही अदालत ने आरा. पी पर 1,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। हापुड़ पुलिस का कहना है कि जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अपराधों में लिप्त किसी भी आरोपी के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

प्लाट दिलाने के बहाने छह लोगों से हड़पे 23 लाख 82 हजार रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के लखपत सिंह की मढैय्या निवासी एक व्यक्ति से हापुड़ नगर के मोहल्ला करीमपुरा निवासी एक व्यक्ति से दस लाख रुपये हड़प लिए। इसके अलावा आरोपी ने पीड़ित के पांच परिचितों से 13.82 लाख रुपये प्लाट दिलवाने के नाम पर हड़प लिए। अब बार-बार रुपयों का तगादा करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए रुपये वापस दिलवाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

लखपत सिंह की मढैय्या निवासी नफीस मंसूरी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर के मोहल्ला करीमपुरा निवासी जावेद ने पिलखुवा के शमशाद रोड निवासी शादाब के खेत में प्लाटिंग की थी। प्लॉट खरीदने के लिए नफीस मंसूरी ने अपने परिचित सफी की मस्जिद निवासी आसिफ, दिल्ली के शहीदनगर निवासी सरफराज, नया बांस निवासी सलीम, दिल्ली के जवाहर पार्क निवासी रूबी और गांव दयनगर निवासी भूरा से 13.82 लाख रुपये दिलवाए थे। जिसमें से आसिफ के 3 लाख 10हजार रुपये, सरफराज के 2 लाख 65हजार रुपये, सलीम के 4 लाख रुपये, रूबी के 2 लाख 70हजार रुपये, और भूरा के 1 लाख 37,500 रुपये कुल 13 लाख 82 हजार 500 रुपये पीड़ित ने आरोपी जावेद को दिलवाए थे। साथ ही नौ लाख रुपये उसने स्वयं प्लाट के बावत दिए थे। लेकिन आरोपी जावेद ने ना तो कोई प्लाट का बैनामा किया और ना ही पैसा वापस किया। काफी तगादा करने पर आरोपी जावेद ने सलीम को कुछ समय पहले चार लाख रुपये का चैक दिया और शेष रुपयों को भी 27 जून 2024 को एक तहरीर लिखकर दी। जिसमें तीन महीने में बैनामा पांचों लोगों के नाम करने और उसके नौ लाख रुपये आठ महीने में लौटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित से एक लाख रुपये और ले लिए थे। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी आरोपी ने उसके पैसों को वापस नहीं किया और ना ही बैनामे किए हैं। अब जब आरोपी से रुपये वापस मांगे जा रहे हैं तो आरोपी मारपीट और जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी द्वारा रुपये हड़प लेने के कारण वह अपने पिता का उपचार भी नहीं करा पा रहा है। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्यौपाल सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सीईओ डा. लोकेश एम ने शहर का किया निरीक्षण

■ सड़क मरम्मत और सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने मंगलवार को उद्यान और सिविल विभाग से संबंधित कार्यों का जायजा लेने के लिए नोएडा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अनुरक्षण व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई जगहों पर सड़क पर गड्ढे मिले, सफाई व्यवस्था भी कई जगहों पर सही नहीं मिली। इस विषय पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सफाई की दयनीय स्थिति पर संबंधित सुपरवाईजर का 1 माह का वेतन रोकने का निर्देश वित्त विभाग को दिया।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सेक्टर-128 गोल-चक्कर, एक्सप्रेस-वे के समानान्तर 45 मीटर चौड़ी रोड, सेक्टर-128 से सेक्टर-150 तक एवं सेक्टर-153 गोल-चक्कर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सेक्टर-128 गोलचक्कर पर बनाये जा रहे मैसूर-क्लॉक टावर का निर्माण कार्य 10 दिन में पूरा करते हुए संचालित किये जाने का उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-132 गोलचक्कर पर पीक आवर्स में ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने के लिए गोलचक्कर पर रोटरी की चौड़ाई कम करते हुए तथा सड़क की चौड़ाई बढ़ाने एवं सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए आगणन प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मार्गों पर विभिन्न स्थानों पर गड्ढे पाये गये, जिनको अगले 24 घंटे में भरवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ को सेक्टर-135 सिंचाई नाले से ग्राम छपरौली, सेक्टर-167 तक सड़क पर सफाई व्यवस्था दयनीय मिली। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित सुपरवाईजर का 1 माह का वेतन रोकने एवं स्वास्थ्य-निरीक्षक का स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही उक्त मार्ग की दो दिनों में पूर्ण सफाई कराते हुए पत्रावली पर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, निदेशक (उद्यान) आनन्द मोहन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

आईआईटी जोधपुर के सहायक प्रोफेसर को दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर के अपर सत्र न्यायाधीश एवं त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में राजस्थान के कोटा के रहने वाले जोधपुर आईआईटी के एक सहायक प्रोफेसर को दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई है। प्रोफेसर पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार यह मामला जून 2019 का है। विवेक विजयवर्गीय कोटा के रहने वाले थे, वह आईआईटी जोधपुर में सहायक प्रोफेसर थे। उनके खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी विवेक विजयवर्गीय को वह वर्ष 2000 से जानती थी। जब वह उसके गणित के शिक्षक थे। फरवरी-अप्रैल 2011 में उसने आईआईटी जोधपुर में लगभग 3 महीने तक उनके साथ काम किया था। पीड़िता के अनुसार 5 जून वर्ष 2019 की शाम को विवेक ने उसे फोन करके बताया कि वह किसी काम से नोएडा आए हैं। इस दौरान आरोपी ने नौकरी पर चर्चा करने के लिए पीड़िता को एक ऑफिस में मिलने के लिए कहा। महिला के अनुसार 6 जून 2019 के सुबह व नोएडा के एक ऑफिस में पहुंची। आरोपी ने उसे गेस्ट हाउस के रूम नंबर-7 में आने को कहा। पीड़ित ने रिसेप्शन पर एंट्री किया और कमरे में पहुंची। जहां उसने अपने दस्तावेज और रिज्यूम दिखाएं। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से कहा कि नौकरी की चिंता मत करो। मैं 10 नौकरियां दिला दूंगा, लेकिन पहले यह बताओ कि तुम इसकी कीमत क्या दे सकती हो। पीड़िता ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने जबरदस्ती उसे पकड़ और उसके साथ बलात्कार किया। महिला के अनुसार वह गेस्ट हाउस के कमरे से निकली तथा उसने रिसेप्शन पर घटना की जानकारी दी। पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तथा उसके खिलाफ 25 सितंबर 2019 को पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत में चल रही थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुनने के बाद आरोपी को दोषी माना तथा उसे 10 वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया। बताया जाता है कि विजय आईआईटी जोधपुर में सहायक प्रोफेसर था। वह नोएडा में ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के एक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। पीड़िता गणित से एमएससी की थी। वर्ष 2000 में राजस्थान के एक कोचिंग में पढ़ती थी। इसी कोचिंग में डॉक्टर विजय गणित पढ़ाते थे। मार्च 2010 में वह आईआईटी जोधपुर में तैनात हुए।

गौतमबुद्ध नगर में अब तक 66 प्रतिशत एसआईआर फार्म जमा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। जिले में वित. रित गणना प्रपत्रों में से अब तक केवल 66 प्रतिशत ही जमा हो पाए हैं, जबकि अभियान समाप्त होने में नौ दिन शेष हैं। अधिकारियों ने चेता. वनी दी है कि निर्धारित समय में प्रपत्र जमा न करने वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। अब तक लगभग 1.30 लाख मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं।

जिला प्रशासन मतदाताओं के सत्यापन के लिए लगातार शिविर आयोजित कर रहा है। यह अभियान 4 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य जिले के 18.65 लाख मतदाताओं का सत्यापन करना है। पहले इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है और अब इन्हें जमा कराने का चरण चल रहा है।

सोमवार तक जमा हुए 66 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है, लेकिन शेष 34 प्रतिशत प्रपत्रों को जमा कराना प्रशासन के लिए एक चुनौती बना हुआ है। अधिकारियों ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां प्रपत्र कम जमा हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर शत-प्रतिशत प्रपत्र संग्रह का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम हटाने की कार्रवाई जारी है।

अभियान के दौरान कॉलेजों में लगाए गए शिविरों में यह सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत छात्र अब दूसरी जगह रह रहे हैं। शारदा विश्वविद्यालय के बूथ पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में छात्र स्थानांतरित हो चुके हैं।

प्रशासन ने अभियान को गति देने के लिए सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की निगरानी तेज कर दी है, जिसमें कम प्रदर्शन करने वाले और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले दोनों शामिल हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट सहित पूरी टीम बीएलओ की सहायता कर रही है, ताकि निर्धारित समय में एसआईआर अभियान पूरा किया जा सके।

दो लोगों से 1.28 करोड़ रुपये की ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। साइबर अपराधियों ने दो लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे लगभग एक करोड़ 28 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज का साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठगी का शिकार होने वाला ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में कार्यरत एक अधिकारी है। एक महिला ने अपने जाल में फंसाकर उनसे एक करोड़ 24 लाख 49 हजार 339 रुपए की ठगी की है।

एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि बृजपाल सिंह पुत्र ईशानंद सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण स्टाफ कॉलोनी बीटा-1 वान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीब 1 वर्ष पूर्व दिव्या शर्मा नामक एक महिला का व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जब उन्होंने पूछा कि आप कौन है तो उधर से जवाब आया कि मैंने अपने दोस्त को एक मैसेज भेजा था। गलती से आपको चला गया। कोई बात नहीं। पीड़ित के अनुसार इसी बीच महिला उनसे संपर्क में आ गई, तथा दोनों के बीच बातचीत होने लगी। महिला ने पीड़ित को बताया कि वह मुंबई में एक कंपनी चलाती है। महिला ने बातों-बातों में पीड़ित से कहा कि आप क्या करते हैं। उसने कहा कि मैं एक सरकारी अधिकारी हूं। उसने पूछा कि आपकी क्या इनकम है, तो उन्होंने कहा कि जो एक सरकारी अधिकारी की होती है। महिला ने उनसे कहा कि आप एक वेबसाइट से जुड़ जाए तो आपको कुछ अलग से इनकम हो सकती है। पीड़ित महिला की बातों में आ गया तथा उन्होंने महिला के बताए हुए एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया। पीड़ित के अनुसार शुरुआती दौर में उन्होंने 40 हजार रुपए लगाया, जो दो दिन बाद 48 हजार रुपए हो गया। पीड़ित को इससे लालच आया तथा उसने 1 फरवरी से लेकर 11 नवंबर तक महिला के बताए हुए ऐप पर इन्वेस्टमेंट किया।

पीड़ित के अनुसार उन्होंने कुल 1 करोड़ 24 लाख 49 हजार 339 रुपया इन्वेस्ट कर दिया। पीड़ित के अनुसार उनकी रकम एप पर काफी बढ़ी हुई दिखाई दे रही थी। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने के लिए कहा तो आरो. पियों ने उनसे इनकम टैक्स और अन्य मद में और पैसों की डिमांड की। पीड़ित को शक हुआ तथा उन्होंने थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर उन एकाउंट्स का पता लग रही है जिसमें रकम ट्रांसफर हुई है।

एक नजर

नीलामी के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे

नोएडा (शाह टाइम्स)। हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफजे के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे गुरुवार की शाम छह बजे जारी होंगे। वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर नतीजे देख सकेंगे। इसके बाद बचे नंबर पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे। इसमें जो नंबर सबसे पहले वाहन मालिक बुक कर लेंगे, उन्हें आवंटित कर दिया जाएगा।

एसआईआर में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ सहायक समेत दो निलंबित

नोएडा (शाह टाइम्स)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के काम में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ सहायक और सहायक मैकेनिक कम ऑपरेटर को निलंबित कर दिया। नोएडा प्राधिकरण में विश्राम सिंह सहायक मैकेनिक कम ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं, जबकि नीरज देवी कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि इन दोनों ने एसआईआर के काम में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरती। इस वजह से कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस कार्य के अंतर्गत चार नवंबर से चार दिसंबर तक गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रह किया जाना था। इस काम में विश्राम सिंह को पर्यवेक्षक और नीरज देवी को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया था। पिछले महीने 26 तारीख तक इन दोनों द्वारा सौंपे गए फॉर्म डिजिटलाइजेशन और पुनरीक्षण कार्य की प्रगति अत्यंत संतोषजनक पाई गई, जिससे शासकीय काम में बाधा उत्पन्न हुई। इसे निर्वाचन आयोग के निर्देशों की सीधे अवहेलना माना गया। ऐसे में दोनों पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

बरौला में करंट लगने से श्रमिक की मौत

नोएडा (शाह टाइम्स)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में निर्माणाधीन एक मकान में काम कर रहे श्रमिक को बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं थाना रबूपुरा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने गृह क्लेश से तंग आकर गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस दोनों मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि राजू शाह पुत्र भिखारी शाह बरौला गांव में निर्माणाधीन एक मकान में काम कर रहा थे। उन्होंने बताया कि वह सोमवार की शाम को मकान के छत पर लोहे की सरिया चढ़ा रहा था। इसी बीच वहां से गुजर रही बिजली की तार से लोहे की सरिया छू गया, जिसकी वजह से उसे करंट लग गया। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में राजू शाह को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर-50 स्थित नियो अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां पर उपचार के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं थाना रबूपुरा क्षेत्र के मोहल्ला विलोचन में रहने वाली एक महिला ने गृह क्लेश से तंग आकर गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिजनों ने बताया कि झगड़े से नाराज होकर महिला ने यह कदम उठाया है। असलम ने बताया कि उसकी पत्नी हिना ने बीती रात को गृह क्लेश के चलते घर के अंदर ही अपने दुपट्टे से गले में फंदा लगाकर जान दे दी। मोहल्ले के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जायेगी।

हादसों में दो लोगों की मौत

ग्रेटर नोएडा। जेवर और सेक्टर ईकोटेक-1 क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटनाओं में वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालकों की तलाश में जुटी है। साबौता गांव निवासी हेमराज ग्रेटर नोएडा में नौकरी करता था। वह 20 नवंबर को ड्यूटी कर घर लौट रहा था। वह जैसे ही यमुना एक्सप्रेसवे के साबौता कट के पास उतरा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में हेमराज की मौत हो गई। पुलिस ने हेमराज के भाई बलराज सिंह की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस आरोपी चालकों की तलाश में जुटी है। संभल निवासी कमल सिंह 19 अक्तूबर को बाइक पर सवार होकर किसी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे।

नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन, पीएम-सीएम और राज्यपाल के लिए तैयार होंगे 5 हेलीपैड

शाह टाइम्स संवाददाता

यमुना सिटी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ इसी महीने होने की संभावना है। ऐसे में इसे लेकर कहा जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों से करवाया जा सकता है। पीएम के दौरे को लेकर एयरपोर्ट परिसर में तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा और प्रोटोकॉल को देखते हुए एयरपोर्ट के एप्रन एरिया में कुल 5 हेलीपैड चिह्नित किए जा रहे हैं, जिनमें तीन हेलीपैड प्रधानमंत्री के लिए, जबकि एक-एक यूपी के ब्ड योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के लिए प्रस्तावित है।

पीएम के संभावित आगमन के साथ ही आम जनता, वीआईपी-विवीआईपी और मीडिया के आने वाले रास्ते और आरक्षित रूट को लास्ट रूप देने पर विचार कर रही है। जल्द ही पुलिस, प्रशासन और प्राधिकरण अधिकारी संयुक्त समीक्षा बैठक करेंगे। योजना के अनुसार, पीएम हेलीकॉप्टर से उतरकर सीधे टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे, जहां प्रदर्शनी और डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें एयरपोर्ट की पूरी संरचना और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। इसके बाद टर्मिनल के सामने बने मंच से वे जनसभा को संबोधित करेंगे। जर्मन हैंगर के अंदर च्ड के लिए विशेष मंच तैयार किया जा रहा है। सभा के लिए लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर क्षेत्र को समतल किया जा चुका है।

राज्यों से पहुंचेगी भीड़: पीएम की जनसभा में यूपी के अलीगढ़, बुलंदशहर, मथुरा, हापुड़ और गाजियाबाद जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए रूट प्लान और पार्किंग व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य रूप से जेवर-बुलंदशहर मार्ग को आम लोगों के लिए प्राथमिक रास्ता माना गया है, जबकि यमुना एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे को ऑप्शनल रास्ते के रूप में तैयार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर जेवरखुर्जा मार्ग और दयानतपुर क्षेत्र से अस्थायी मार्ग भी खोले जा सकते हैं।

एनएचएआई और जेपी इंफ्राटेक: उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए एनएचएआई और जेपी इन्फ्राटेक ने यमुना एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे के सौंदर्यीकरण का काम तेजी से शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर एक्सप्रेसवे तक सड़कों पर पेंटिंग, सफाई, लाइटिंग और सफेद पट्टियां लगाने का काम तेजी से चल रहा है। सरकार और प्राधिकरण का लक्ष्य है कि उद्घाटन समारोह से पहले पूरा क्षेत्र पूरी तरह आकर्षक और सुव्यवस्थित रूप में तैयार हो जाए।

नोएडा सेफ सिटी के तहत लगेंगे हाई रेजोल्यूशन कैमरे

चौथी बार टेंडर से पहले किए जाएंगे जरूरी बदलाव, 212 करोड़ में 2100 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा सेफ सिटी परियोजना में देरी होगी। इसकी वजह तीन बार टेंडर जारी होने के बाद भी कंपनी का चयन नहीं होना है। प्राधिकरण चौथी बार कॉल करने से पहले कुछ बदलाव कर सकता है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सेफ सिटी प्रोजेक्ट को देखा जाएगा। आरएफपी में बदलाव किया जा सकता है। इसके संकेत भी मिले है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि ये सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उच्च गुणवत्ता के कैमरे, नई टेक्नॉलॉजी बेस्ड काम कराया जाएगा। उसकी कंपनी को लाएंगे जो सभी मानकों को पूरा करती हो। इससे पहले तीन बार टेंडर जारी किए गए थे। लेकिन कंपनियों ने बिड प्रोसेस में रुचि नहीं दिखाई। शहर में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 लोकेशन पर 2100 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिटेक्शन कैमरे होंगे, जो इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) के कैमरों से बिल्कुल अलग होंगे। मानिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।

212 करोड़ का है प्रोजेक्ट: सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, आप्टिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग का प्रशिक्षण देना होगा। इसको 6 से 9 माह में पूरा किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि ये बड़ा प्रोजेक्ट है। शहर वासियों की सुरक्षा के लिए ये योजना है। इसलिए उच्च गुणवत्ता और बेहतर टैक्नॉलाजी का यूज किया जाएगा। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

पुलिस सूची के अनुसार लगेंगे कैमरे: सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमें बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन , बस स्टैंड , माल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटर नोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संच. ालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

बीसीएएस आज दे सकता है डीजीसीए को सुरक्षा रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिसंबर में उड़ान की तैयारी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की टीम ने सुरक्षा उपकरणों की जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली, जिसे आज बकास नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंप सकता है। ऐसा होता है तो 4 दिसंबर को डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस दे सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि बीसीएएस की समिति ने दो दिनों तक एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपकरणों की जांच की थी, लेकिन कुछ खामी मिलने पर सोमवार को दोबारा से उपकरणों को परखा गया। टीम ने स्क्रीनिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश-नियंत्रण पॉइंट और बाहरी सुरक्षा घेरा से लेकर आतंकी घटनाओं को रोकने वाले उपकरण जैसे एंटी हाई जैकिंग सिस्टम, बॉम्ब स्क्वायड, थ्रीडी रडार आदि को परखकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है।

लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह में उद्घाटन: ये रिपोर्ट आज डीजीसीए को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, इसी रिपोर्ट के आधार पर डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस जारी करेगा, इसके लिए चार दिसंबर की तिथि तय की गई है। माना जा रहा है कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह के अंदर एयरपोर्ट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अभी तक एयरपोर्ट के शुभारंभ को लेकर कोई तिथि घोषित नहीं की गई है।

बाल चिकित्सालय में मिल्क बैंक शुरू होने में बजट की बाधा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। बाल चिकित्सालय में मिल्क बैंक शुरू करने में बजट रोड़ा बन गया है। दो निजी संस्थाओं ने बजट देने से इनकार कर दिया है। डेढ़ साल पहले दोनों संस्थाओं के साथ बाल चिकित्सालय ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अनुसार संसाधन संस्थाओं को ही जुटाना था। बाल चिकित्सालय प्रबंधन ने एक सप्ताह पहले दोनों निजी संस्थाओं को पत्र लिखकर अंतिम निर्णय के बारे में पूछा है। अबतक इस संबंध में संस्थाओं का पत्र अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिला है। एक महीने पहले दोनों संस्थाओं ने मिल्क बैंक शुरू करने के लिए बजट के अभाव के बारे में बाल चिकित्सालय प्रबंधन को बता चुके हैं।

पिछले तीन साल में दो बार संस्थाओं के साथ मिल्क बैंक शुरू करने को लेकर समझौता हुआ, लेकिन मिल्क बैंक शुरू करने का काम नहीं हुआ। तब से अब तक सिर्फ लैक्टेशन यूनिट ही चल रही है। यूनिट में मां के दूध से बच्चों को होने वाले फायदे, सहित अन्य पहलुओं के बारे में जागरूक करने का काम चल रहा है। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि दोनों संस्थाओं को पत्र लिखकर मिल्क बैंक शुरू करने को लेकर आखिरी बार पूछा गया है। स्पष्ट जवाब नहीं होने की स्थिति में अगला विकल्प तलाशेंगे। 50 प्रतिशत नवजात को नहीं मिल पाता मां का दूध जिले के 50 प्रतिशत नवजात को जन्म के 24 घंटे के अंदर मां का दूध नहीं मिल पाता। छह महीने की उम्र तक भी लगभग यही स्थिति होती है। ऐसे में मिल्क बैंक शुरू होने से ऐसे नवजात को काफी लाभ मिलता। ताकि उनकी सेहत अच्छी रह सके। मां का दूध नहीं मिलने के कारण बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, जिससे उन्हें संक्रमण सहित अन्य परेशानियां होती हैं। देशभर में 20 से कम मिल्क बैंक हैं। ऐसे में बाल चिकित्सालय में इसकी शुरुआत से आसपास के जिलों को भी फायदा होता।

एक्सप्रेस ट्रेन में चेन पुलिंग का आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में दादरी रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से गया जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में चेन पुलिंग की गई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक दिसंबर की शाम को दिल्ली से गया के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी। जब एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे स्टेशन दादरी पर पहुंची तो चेन पुलिंग कर दी गई। चेन पुलिंग करने पर एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर रुक गई। रुकने के चलते लुधियाना की जनता नगर कॉलोनी निवासी शक्ति सिंह उतरकर चल दिए। आरपीएफ ने चेन पुलिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब चेन पुलिंग करने का कारण पूछा तो बताया कि गलत ट्रेन में बैठ गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार चलके पर छोड़ा दिया।

पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे बनेगा अंडरपास

■ पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा, 710 मीटर लंबा, चार लेन होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा के पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। इसका पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा है। सीईओ के सामने इसे रखा जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे पर छिजारसी से सोरखा की तरफ जाने वाले रास्ते पर बनाया जाएगा। डिजाइन के आधार पर इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। जिसके बाद बजट को फाइनल किया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पर्थला गोलचक्कर पर इस समय सिग्नेचर ब्रिज बनाया हुआ है। यह सेक्टर-71 अंडरपास की तरफ से जाते समय किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बना हुआ है। अब इस सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे (फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद) के रास्ते पर बनाया जाएगा। अभी एफएनजी एक्सप्रेसवे पूरा शुरू नहीं होने के कारण ट्रैफिक कम है, लेकिन इसके पूरी तरह से बन जाने पर यहां सिग्नेचर ब्रिज के नीचे गोलचक्कर पर जाम लगेगा।

710 मीटर लंबा होगा अंडरपास: इसको देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने यहां का जायजा लेते हुए अंडरपास बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। अब प्राधिकरण ने अंडरपास बनाने की योजना तैयार कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह अंडरपास चार लेन का बनाया जाएगा। इस अंडरपास की लंबाई 710 मीटर की होगी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ आसानी से जा सकेंगे: अंडरपास के बनने से सिग्नेचर ब्रिज से किसान चौक जाने का रास्ता बेहतर हो जाएगा। अंडरपास से सोरखा की तरफ बिसरख पर बने पुल से होकर ग्रेनो वेस्ट की तरफ जा सकेंगे। मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ जाना आसान होगा। इस अंडरपास से फेज टू, सोरखा की तरफ से आकर छिजारसी के सामने से होकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ आसानी से जा सकेंगे। अभी छिजारसी के सामने थोड़ी जाम की समस्या होती है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

सफाई व्यवस्था में ढिलाई मिलने पर कार्रवाई तय:डीएम

जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गाँवों में सफाई न होने पर सीधे जिम्मेदारी तय होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। इसलिए सफाई व्यवस्था में ढिलाई मिलने पर कार्रवाई तय है।

जिलाधिकारी ने बैठक की शुरुआत में अधिकारियों से अलग-अलग ब्लॉकों की स्वच्छता रिपोर्ट माँगी। कई पंचायतों में सफाई कर्मियों की अनियमित तैनाती, कूड़ा उठान में देरी, और सामुदायिक शौचालयों की खराब स्थिति की शिकायतें सामने आईं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव दोनों अपनी जिम्मेदारियाँ सही ढंग से निभाएँ, वरना उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर ग्राम पंचायत में दैनिक सफाई, कचरा संग्रहण और नालियों की नियमित सफाई अनिवार्य है। उन्होंने इसे पंचायत राज विभाग के लिए टॉप प्रायरिटी बताया। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अब केवल शौचालय निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि अब फोकस ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर है। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों को कड़ा निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में कचरा संग्रहण केंद्र, गढ्ढा-आधारित कम्पोस्टिंग, प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और उसके सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करें। बैठक में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पाया कि कई गांवों में सामुदायिक शौचालय या तो बंद हैं या फिर टूट-फूट की स्थिति में हैं। इस पर उन्होंने पंचायत विभाग को निर्देश दिया कि सभी सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का सर्वे कराकर खराब यूनिट्स की मरम्मत दो सप्ताह के अंदर कराई जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि शौचालयों में पानी, प्रकाश और नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियों पर ज़ोर देते हुए डीएम ने कहा कि व्यवहार परिवर्तन के बिना स्वच्छता अभियान अधूरा है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में स्कूलों, आशा, आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूहों को जोड़कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि IEC (सूचना, शिक्षा, संचार) अभियान को तेज किया जाए और गांवों में नियमित रूप से जन-जागरूकता रैलियाँ तथा स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। उन्होंने ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों से कहा कि वे सप्ताह में दो दिन गाँवों का आकस्मिक निरीक्षण करें और अपनी जियो-टैग्ड रिपोर्ट भेजें। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि स्वच्छता को लेकर असली स्थिति फील्ड में दिखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अधिकारी की रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया गया तो कठोर कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ब्लॉक-स्तरीय टीमें गठित की जाएँ और हर गांव में ग्राउंड-सर्वे किया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि हगाँवों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करना हमारा मुख्य दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अच्छी प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को सम्मानित भी किया जाएगा और कमजोर प्रदर्शन करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी से स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन में बदलने की अपील की और कहा कि एक स्वच्छ गांव ही एक स्वस्थ गांव की पहचान है। बैठक में परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जिला पंचायती राज अधिकारी, बीडीओ, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

एएसपी ने रात्रि में पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान ने रात्रि में कानून-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त किया। इस अभियान का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, शांति-व्यवस्था को मजबूत करना और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाना था। एएसपी ने पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बस स्टैंड, संवेदनशील गलियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया।

गश्त के दौरान, एएसपी ने पुलिस कर्मियों को सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली स्थिति पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने दुकानदारों, नागरिकों और राहगीरों से बातचीत कर उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी जाना। एएसपी ने पुलिस अधिकारियों को रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने और महिला सुरक्षा के लिए पिंक पेट्रोल व बीट पुलिसिंग तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए, जिसमें जाम, अवैध पार्किंग और वाहन चालकों की लापरवाही पर नियंत्रण शामिल है। इस गश्त अभियान के माध्यम से पुलिस टीम ने आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाया और अपराधियों में कानून का भय पैदा करने का संदेश दिया। एएसपी के इस निरीक्षण से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और सतर्कता का स्पष्ट संदेश गया।

धर्मवीर तोमर ने ली जिला बार अध्यक्ष पद की शपथ, नई सिविल बार कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। तहसील में मंगलवार को अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें नवनियुक्त सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने अध्यक्ष पद पर चौधरी धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। महामंत्री पद पर पुष्पेंद्र कुमार को शपथ दिलाई गई। कोषाध्यक्ष पद पर चौधरी हरेंद्र सिंह तोमर को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एल्डर कमेटी चेयरमैन ओमपाल सिंह विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ऑफ चेयरमैन शिवकुमार गौड़ एवं एसडीएम भावना सिंह ने मुख्य रूप से अधिवक्ताओं को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले अधिवक्ताओं में उपाध्यक्ष पद पर हरवीर सिंह एडवोकेट सह सचिव मनोज दांगी पुस्तकालय मंत्री विनीत देशवाल वरिष्ठ सदस्य विनोद मान एडवोकेट सिनोली संजीव कुमार विकास तोमर कनिष्ठ सदस्य पद पर गुलशन कुमार रोहित कुमार सोनवीर आदि को शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से आनंदपाल तोमर एडवोकेट ईश्वर सिंह एडवोकेट वेदपाल पवार एडवोकेट हेमंत कुमार विनोद जैन सागर तोमर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार राम मेहर सिंह संतोष कुमार जैन पुष्पेंद्र उज्जवल सत्यपाल मान सत्यपाल पवार धीरज पाल तोमर दीपक राठी दिनेश शर्मा भूप्रकाश एडवोकेट वीरेंद्र चौहान शैलेंद्र कुमार अश्वनी कुमार शर्मा के अलावा भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

एक नजर

जनपद में छूटे बच्चों के पूर्ण टीकाकरण के लिए विशेष अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जनपद में1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक टीका उत्सव दिसंबर 2025 का शुभारंभ किया गया। यह टीका का विशेष सत्र बुधवार व शनिवार को प्रत्येक गांव में लगाया जाएगा। टीके लगवाकर बनो कूल, बीमारियों को चटाओ धूल के जनसंदेश के साथ शुरू हुआ यह अभियान उन सभी बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिनका कोई भी टीका अब तक छूट गया है। स्वास्थ्य विभाग इस महीने को टीकाकरण जागरूकता और कवरेज बढ़ाने के लिए समर्पित कर रहा है। अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.सरूचि शर्मा ने बताया कि कि विभाग की टीमें पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अंतर्गत गांवों, मोहल्लों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष सत्र आयोजित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण न सिर्फ बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाता है, बल्कि पूरे समाज को सुरक्षित बनाता है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अभिभावकों से अपील की कि वे हसमझदारी दिखाएं और अपने बच्चे का सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं।ह उनके अनुसार बच्चे को समय पर पूर्ण टीके लगवाना सिर्फ माता-पिता की ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है।

टीकाकरण क्यों है जरूरी?

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी संदेश में टीकाकरण के अनेक लाभ बताए गए है। असुरक्षित और जानलेवा बीमारियों से प्रभावी बचाव, भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों पर रोक, काली खांसी, खसरा, रूबेला जैसी बीमारियों से सुरक्षा, संक्रमणों के फैलाव की संभावना में भारी कमी, बीमारी का दूसरों तक न फैलना, सामुदायिक सुरक्षा, आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण, अभियान का मुख्य नारा है। 5 साल, 7 बार, 12 बीमारियों पर वार(छूटे न टीका एक भी बार। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जिन बच्चों के टीके किसी कारण छूट गए हैं, उनके लिए विशेष माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सूचीकरण कर रहे हैं और अभिभावकों को टीकाकरण केंद्रों तक लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सुरक्षित समाज की अभिलाषा, अधिकारियों का कहना है कि टीका उत्सव न केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समय पर टीके लगवाकर न सिर्फ एक बच्चा सुरक्षित होता है, बल्कि पूरा समाज स्वस्थ और मजबूत बनता है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस पहल में सक्रिय सहयोग दें और अपने बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कर एक स्वस्थ उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत निर्माण में योगदान करें।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की गर्दन पर किया धारदार हथियार से हमाल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ले में देर रात एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया।

पुरानी रंजिश के चलते उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। यह घटना ईदगाह मोहल्ले की है। पीड़ित युवक समीर अपने काम से वापस लौट रहा था। तभी उसके पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने समीर के साथ मारपीट की और उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायल समीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर एक पैसेंजर ट्रेन हुई बंद, दैनिक यात्रियों में छाई मायूसी

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। दिल्ली से शामली तक आवागमन करने वाली पैसेंजर ट्रेन को रेलवे अधिकारियों ने कोहरे का कारण बताते हुए सोमवार को तीन माह के लिए बंद कर दिया गया है। जिसके बंद होने से दैनिक यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उमेश कौशिक रमेश कौशिक धर्मेंद्र पवार उदित पवार संतोष कश्यप राकेश रोशन दिनेश गोपाल राम भजन सूरज आदि यात्रियों का कहना है कि दिल्ली से शामली जाने वाली ट्रेन संख्या 54057 का बड़ौत रेलवे स्टेशन पहुंचने का समय सुबह 10:30 बजे का है और शामली से दिल्ली के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 54058 का बड़ौत पहुंचने का समय शाम 5:10 बजे का है। जिसे बंद कर दिया गया है। इसके बंद करने का कारण रेलवे अधिकारियों ने सर्दी के मौसम में कोहरा पड़ना बताया है। रूट पर इस ट्रेन के बंद होने के कारण रोजाना एक हजार से अधिक यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यह दिक्क्त यात्रियों को 28 फरवरी तक सहन करनी पड़ेगी अब दैनिक यात्रियों को भी कुछ दिन का इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल दैनिक यात्रियों में ट्रेन बंद होने से मायूसी छा गई है।

बुलेट का 31,500 रुपये का चालान काटकर किया सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। वंदना चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल का 31,500 रुपये का चालान काटकर उसको सीज कर दिया है। यह कार्रवाई प्रतिबंधित साइलेंसर के उपयोग के कारण की गई, जिससे अनावश्यक तेज आवाज निकल रही थी।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी वंदना चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक चालक को रोका गया, जिसकी मोटरसाइकिल में लगा साइलेंसर तेज ध्वनि उत्पन्न कर रहा था। पुलिसकर्मियों ने नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए यह भारी-भरकम चालान जारी किया। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित साइलेंसर का उपयोग न करें, अन्यथा ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने यह भी कहा कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। इससे वे स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेंगे, साथ ही अन्य राहगीरों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

एएसपी ने किया पुलिस लाइन का व्यापक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। मंगलवार को साप्ताहिक परेड संपन्न होने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान ने पुलिस लाइन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण इकाइयों का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत क्वार्टर गार्ड से हुई। एएसपी चौहान ने क्वार्टर गार्ड की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को डयूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन तथा वर्दी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्वार्टर गार्ड किसी भी पुलिस इकाई की पहली छवि होती है, इसलिए यहां व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद, एएसपी ने आरटीसी भोजनालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, किचन हाइजीन और भोजन वितरण प्रणाली की जांच की। उन्होंने भोजनालय प्रभारी को निर्देश दिए कि पुलिसकर्मियों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाए। एएसपी ने यह भी उल्लेख किया कि बेहतर भोजन व्यवस्था से ही प्रशिक्षणरत जवानों का मनोबल ऊंचा रहता है। एएसपी ने आरटीसी बैरक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों की रहने-सहने की सुविधाओं, साफ-सफाई, विद्युत और जल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बैरक में नियमित स्फाई, आवश्यक मरम्मत कार्य और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे जवानों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने सभी अधिकारियों और प्रशिक्षुओं से संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और उचित समाधान का आश्वासन दिया। एएसपी ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता तभी बढ़ेगी जब उन्हें बेहतर सुविधाएं, अनुशासित माहौल और सकारात्मक कार्य परिवेश मिलेगा। इस पहल से पुलिसकर्मियों में उत्साह और जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई।

क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्वेता का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी श्वेता (आईएएस) का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्वेता, जिन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट संकल्प के बल पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफलता प्राप्त की है, विद्यालय परिवार के लिए गौरव और प्रेरणा का उज्ज्वल प्रतीक हैं। उनके आगमन से पूरा वातावरण उत्साह, ऊर्जा और गर्व से भर उठा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा उन्हें पुष्प-गुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय में मिले मूल्य, अनुशासन एवं शिक्षा को अपनी सफलता की मूल आधारशिला बताया। उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा सपने बड़े देखें, मेहनत निरंतर करें और लक्ष्य से कभी विचलित न हों। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप 2025 में विद्यालय की टीम द्वारा 12 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सभी खिलाड़ियों को श्वेता (आईएएस) द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर डा.जेस्सी जोस ने कहा कि श्वेता की उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा है। उनकी सफलता युवा पीढ़ी को विश्वास दिलाती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में किया गया। प्रयास असंभव को भी संभव बना सकता है। उन्होंने श्वेता को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और छात्रों से आग्रह किया कि वे भी अपने जीवन में उच्च लक्ष्य स्थापित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए संकल्पित हों। इस अवसर पर मैनेजर सिस्टर शीना, उप प्रधानाचार्या सिस्टर अमला, प्रशांत, धनंजय, तसलीम, नेहा, मोनिका, सुगंध, रमणिका के साथ समस्त स्टफ का सहयोग रहा।

पंचकल्याणक महोत्सव के पंडाल निर्माण पर रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। आगामी 7 से 12 दिसंबर तक होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों में चल रही भारी सुरक्षा चूक पर आखिरकार जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। अत्यधिक ज्वलनशील थर्माकोल सामग्री के बड़ी मात्रा में प्रयोग और पंडाल में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी पर बड़ा असर सामने आया है। प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए महोत्सव के लिए बनाई जा रही विशाल पंडाल निर्माण की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी है। नोटिस की कॉपी भी निर्माणाधीन पंडाल पर चस्पा कर दी गई है। बागपत जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा है कि मौके पर की गई जांच में पंडाल निर्माण में भारी अनियमितताएं पाई गईं न केवल ज्वलनशील थर्माकोल का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा था, बल्कि पंडाल में सुरक्षा के न्यूनतम मानकों तक का पालन नहीं हो रहा था। मजदूर ऊंचाई पर बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे थे, आग से बचाव के साधन मौजूद नहीं थे और कार्यक्रम स्थल पर भीड़ निकासी मार्ग तक की उचित व्यवस्था नहीं थी। जिला प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पूरी अनुमति रद्द कर दी और पंडाल निर्माण कार्य तत्काल रोकने के निर्देश जारी कर दिए। वहीं, आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि आयोजन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से खतरा बना हुआ था और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। बड़ौत में इसी वर्ष 28 जनवरी को हुए मचान हादसे के बाद लोगों की चिंता को देखते हुए प्रशासन की यह कार्रवाई पूरी तरह उचित मानी जा रही है।

डीएम की अनूठी पहल बनी बेसहारा पशु-पक्षियों का सहारा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी की एक अनूठी पहल के तहत बेसहारा पशु-पक्षियों को सहारा मिल रहा है। नगर पालिकाओं से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके पशु-पक्षियों के लिए बेहतर अस्थाई आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य उन्हें आगामी सर्दी के मौसम से बचाना है।

इन आश्रय स्थलों में ड्रम और टायरों को संशोधित करके उनमें गद्दे और तकिए लगाए गए हैं, ताकि आवारा कुत्ते सर्दियों से सुरक्षित रह सकें। इसी तरह, बागपत कलेक्ट्रेट में पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसले भी तैयार किए गए हैं। यह पहल सबसे पहले बागपत कलेक्ट्रेट से शुरू हुई और अब बागपत नगर पालिका क्षेत्र तक पहुंच रही है। सर्दी का मौसम आने वाला है, जो पशु-पक्षियों के लिए बड़ी चुनौतियां लेकर आता है। ऐसे में डीएम अस्मिता लाल द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर आवारा कुत्तों, पक्षियों और अन्य जानवरों को बचाने का यह विचार काफी सराहा जा रहा है। यह पहल न केवल पशु-पक्षियों को आराम दे रही है, बल्कि वेस्ट मटेरियल का भी सदुपयोग कर रही है। एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर बागपत कलेक्ट्रेट सहित नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक स्थान पर वेस्ट मटेरियल से तैयार किए गए ये उपकरण लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पशु-पक्षियों को आराम मिलेगा और वे सर्दी से बच सकेंगे। एसडीएम ने लोगों से भी इस कार्य में सहयोग करने और पशु-पक्षियों की देखरेख करने की अपील की है।

सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या M3664492 मे मेरा नाम जान मोह (Jaan Moh) मेरे आधार कार्ड 277450870523 मे मेरा नाम जान मोहम्मद (Jaan Mohammad) पुत्र बलकुदीन (Balkudeen) दर्ज है उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही हैं भविष्य में मुझे जान मोहम्मद (Jaan Mohammad) पुत्र बलकुदीन (Balkudeen) गांव इदरीशपुर जनपद बागपत के नाम से जाना जाए।

सूचना

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री वर्षा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

राजसिंह उर्फ पप्पू पुत्र रगवीर निवासी ग्राम दाहा थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जानी थाना घेरा

मुस्लिम युवक पर लगाया गाय को पीटने का आरोप, क्षेत्र में मीट की दुकान बंद करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता अनुज बजरंगी के नेतृत्व में एकत्रित हुए। कार्यकर्ता पीड़ित महिला दीपा निवासी गांव पांचली के साथ थाना जानी पहुंचे वहां उन्होंने कहा कि महिला दीपा को कई महीनों से सत्तार नामक युवक द्वारा परेशान किया जा रहा है। दीपा के मुताबिक, सत्तार उनकी गाय की पिटाई करता है, पशुओं को खोलकर भगा देता है, घर के सामने कूड़ा डालता है और अभद्र गालियों का प्रयोग करता है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि महिला की शिकायत के बाद भी थाना पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना अध्यक्ष को मंदिर के पास चल रही एक अवैध मीट की दुकान के बारे में भी बताया और उसका विरोध दर्ज कराया। बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध मीट की दुकान बंद नहीं की गई और पीड़ित महिला को न्याय नहीं मिला, तो संगठन जल्द ही एक बड़ा प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर अनुज बजरंगी, गोविंद चपराना, सचिन नागर, गौरव गुर्जर गढ़ी मंडल अध्यक्ष मनजीत, अमन वर्मा, गौरव नानू, धनुष, अनितेश, महेश, नीतीश खानपुर, अक्षय, अभिषेक मुंडे, तुषार, लक्ष्य और विपिन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भैंस चोरी मामले में तीन दबोचे

- दिन में रेकी कर रात में देते थे घटना को अंजाम
- भाड़े की गाड़ी में भैंसों को करते थे इधर से उधर

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। मंगलवार को जानी थाना पुलिस ने भेंस चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। यह गैंग काफी दिनों से भैंस चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया।

जानी थानाध्यक्ष ने बताया की जानी क्षेत्र के गांव भोला झाल चौकी सिवालखास चौकी पर काफी दिनों से भैंस चोरी हो रही थी। जिसमें किसान व मजदूर काफी परेशान हो रहे थे पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जिसकी विवेचना सिवाल खास चौकी इंचार्ज कर रहे थे मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महपा जाने वाले रास्ते पर जंगल से तीन आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके पास से चौरी की भैंस भी बरामद की है। तीनों आरोपियों ने बताया कि गांव और कस्बों में घूम कर वह दिन में रेकी करते थे और रात में इस घटना को अंजाम देते थे। उसके बाद भाड़े पर गाड़ी करने के बाद पशु पेठ में ले जाकर बेच देते थे और जो कीमत अच्छी मिलने के बाद में पैसे आपस में बांट लेते थे। आरो. पियों ने बताया कि काफी दिनों से इस घटना को अंजाम दे रहे थे। पकड़े गये आरोपियों की पहचान सदा पुत्र शहजादा, समीर पुत्र शौकत कस्बा सिवाल खास मोहसिन पुत्र मौसम कस्बा किठौर के रूप में हुई। आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया है।

रास्ते के विवाद में दो समुदाय आमने सामने, चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। थाना दौराला क्षेत्र के ग्राम रुहासा में रास्ता छोड़ने को लेकर दो समुदायों के बीच हुए विवाद ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से तहरीर के आधार पर थाना दौराला में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम रुहासा से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सारिक पुत्र जाहिद, शहजाद पुत्र बुनदू, सोनू उर्फ फरमान पुत्र मोबीन, आरिफ पुत्र खलील शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों को ग्राम रुहासा से दबिश देकर पकड़ा गया। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है तथा दोनों समुदायों के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। रूहासा में दोनों ही समुदाय खासी तादाद में रहते हैं। ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती है।

सात को फलावदा आएंगे मौलाना अरशद मदनी



शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। शेखुल इस्लाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी के जानशीन जमीयत उलमा ए हिंद के सदर व मौलाना अरशद मदनी आगामी 7 दिसंबर को फलावदा के मदरसा तहफीजुल कुरान वल बयान में होने जा रहे जलसे में हुफ्फाजे किराम की दस्तार बंदी में शामिल होंगे।मदरसे के उस्ताद कारी मौ. जुनैद ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिसंबर को बाद नमाज मगरिब मदरसे में शुरू होने वाले जलसे में देशभर के उलेमा तशरीफ ला रहे हैं। जलसे में इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना अरशद मदनी के बयान के बाद दस्तार बंदी होगी। मदरसे के मोहतमिम मौलाना सलाहुद्दीन नायाब ने लोगों से जलसे में शिरकत की अपील की है।

परीक्षा में धांधली करने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। मंगलवार को जानी थाना पुलिस ने सुभारती यूनिवर्सिटी में आयोजित सीएसआईआर यूजीसी नेट की परीक्षा में एक संगठित गैंग बनाकर

ऑनलाइन परीक्षा में धांधली करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सुभारती यूनिवर्सिटी में आए दिन अनेक मामले देखने को मिल रहे हैं ऐसा ही मामला करीब एक वर्ष पहले सुभारती यूनिवर्सिटी में आयोजित सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा कंप्यूटर सिस्टम हैक करके साइबर अपराध का धोखाधड़ी से अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचता था। जिसका मुकदमा करीब एक वर्ष पहले दर्ज हुआ था। लगातार आरोपी फरार चल रहा था। वहीं पुलिस ने आरोपी अनिल पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम बामनोली थाना बागपत को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

लावड़ में कान्हा गौशाला का हुआ उद्घाटन

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान व चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने काटा फीता

- आवारा पशुओं से क्षेत्र की जनता को मिलेगी निजात

कान्हा गौशाला का उद्घाटन करतीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान व हज्जन आफताब।

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। नगर पंचायत द्वारा लावड़ कस्बे को एक नई सौगात मिल गई है। नगर पंचायत द्वारा लावड़ में कान्हा गौशाला के लिए 1 करोड़ 63 लाख रुपए का प्रस्ताव पास कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन गौशाला को बेहतर बनाने के लिए लगभग दो करोड़ रुपए खर्च किए गए। जिसके बाद अब पूरी तरह गौशाला तैयार हो चुकी है।

मंगलवार को गौशाला का उद्घाटन चेयरपर्सन हज्जन आफताब व सरधना विधायक अतुल प्रधान की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस पुण्य कार्य की शुरुआत की, साथ ही हवन पूजन भी कराया गया। गौशाला बनने से क्षेत्र में पशु कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। गौशाला के उद्घाटन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, गणमान्य व्यक्ति और पशु प्रेमी उपस्थित थे। चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में बेसहारा और बीमार गायों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है, साथ ही उनके उचित पालन-पोषण और चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आए दिन आवारा गौवंश हादसे का शिकार हो जाते थे और इन हादसों में गौवंशो के साथ-साथ जनहानि भी होती थी गौशाला बनने से कुछ हद तक हादसों को रोका जा सकेगा। चेयर पर्सन ने बताया कि कान्हा गौशाला में दो सौ पशुओं को रखने की व्यवस्था रहेगी। उद्घाटन के दौरान चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, चेयर पर्सन हज्जन आफताब, बाबर रिजवी, सभासद मनोज गोयल, मनोज जाटव, राजेश देवी, अयाज गुड्डू, आसिफ अंसारी, शाहिद इस्लाम, आरिफ फैजी, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

आढ़ती पर जानलेवा हमला, दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

सरधना। नगर के सब्जी मंडी में मंगलवार सुबह आढ़ती के ऊपर लोहे के बाट से हमला कर दिया। पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दे दी है, पुलिस ने मेडीकल परीक्षण कराते हुए आरोपी के खिलाफ मुक. दमा कायम कर लिया है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी शहजाद पुत्र सईद सब्जी मंडी में आढ़त व्यापारी है, मंगलवार सुबह व्यापारी अपनी आढ़त पर मौजूद था, तभी एक युवक ने उसके ऊपर लोहें के बाट से हमला कर दिया, जिससे शहजाद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गौवंश की मौत

- भाजपा नेता मोहन सैनी ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दबवाया, वाहन चालक के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। मंगलवार को सुबह जमालपुर मार्ग पर रजवाहे के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने गोवंश को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गौवंश बुरी तरह घायल होकर गिर गया, और कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया सूचना पर काफी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

कुछ देर बाद ही भाजपा नेता मोहन सैनी भी मौके पर पहुंचे और जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर गोवंश को नमक डालकर दबवा दिया और वहां एक पेड़ लगाकर लोगों को पशु प्रेम का संदेश भी दिया। वहीं स्थानीय युवक उमेश पुत्र ब्रह्मसिंह ने लावड़ चौकी पहुंचकर टैक्सी नंबर यूपी 11 बीपी 6944 व चालक इसरार पुत्र

दिलावर निवासी पटोली मुगल थाना फतेहपुर सहसपुर के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की। वहीं लोगों में अलग-अलग चर्चा थी।

कांग्रेस ओबीसी कमेटी के नेशनल कोऑर्डिनेटर बने मेरठ के नसीम कुरैशी

- बीते 40 वर्षों से पार्टी में हैं शामिल तीन पीढ़िया रहीं कांग्रेस के साथ

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी समाज में अपनी भागीदारी को मजबूत करने के साथ साथ अपने विंग को भी मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विंग में कई नेशनल कोऑर्डिनेटर को जिम्मेदारी दी गई है जिन में मेरठ के नसीम कुरैशी भी शामिल है। मेरठ के नसीम कुरैशी को पार्टी ने ओबीसी वर्ग में नेशनल कोऑर्डिनेटर घोषित किया है। जिसके बाद उनके समर्थको ने पार्टी के फैसले पर आभार जताया है नसीम कुरैशी बीते 40 साल से कांग्रेस पार्टी में शामिल है। पार्टी के उतार चढ़ाव के दौरान भी वह हमेशा कांग्रेस के साथ रहे। उनकी तीसरी पीढ़ी भी पार्टी में पंजे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती हुई दिखाई

दे रही है। नसीम कुरैशी मेरठ के पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, पूर्व महापौर प्रत्याशी कांग्रेस रह चुके है। इस अवसर पर उनका कहना है कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे उन्होंने नेशनल कॉर्डिनेटर बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अनिल जय हिंद का आभार प्रकट करते है कहा कि राहुल जी के ओबीसी समाज के लिए सामाजिक न्याय और भागेदारी के लिए निरन्तर मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासो से उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों मे 52 प्रतिशत ओबीसी को पर्याप्त भागेदारी मिलेगी और पार्टी मजबूत होगी। इस दौरान नसीम कुरैशी के पुत्र उ.प्र. कांग्रेस ओबीसी कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मेन कमेटी के जिला उपाध्यक्ष जुबेर कुरैशी ने भी पार्टी के नेतृत्व का आभार जताया है और इस फैसले को ओबीसी की भागीदारी से जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने वाला फैसला बताया है।

तिलक पत्रकारिता विभाग की चार वर्षीय प्रगति पर निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने की बुकलेट जारी

बीते चार वर्षों की यादों को किताब में संजोया, प्रशांत बोले पत्रकारिता विभाग ने बनाई नई पहचान

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने मंगलवार को विभाग की चार वर्षीय प्रगति रिपोर्ट बुकलेट जारी की, जिसका विधिवत विमोचन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने विभाग को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल लगातार नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह विभाग विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के सभी आयामों पर कार्य कर रहा है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग किसी भी विश्वविद्यालय का फेस होता है और यह विभाग यह कार्य बखूबी कर रहा है। प्रगति रिपोर्ट बुकलेट में बीते चार वर्षों के दौरान विभाग द्वारा प्राप्त उपलब्धियों, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, रोजगार, नवाचार और राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग आदि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है।

चार वर्षों की यह रहीं प्रमुख उपलब्धियां

राष्ट्रीय रैंकिंग इंडिया टुडे और द वीक रैंकिंग में तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल को उत्तर प्रदेश में प्रथम तथा देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। विभाग के 11 छात्र छात्राओं ने नेट एवं जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की तथा 3 छात्रों ने पीएचडी है।

अत्याधुनिक सुविधाएं

एक पत्रकारिता विभाग में जो आधुनिक सुविधाएं जैसे टीवी स्टूडियो, एफएम रेडियो, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, ओपन थिएटर, और परिसर कैंपस न्यूज पेपर जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं तिलक पत्रका. रिता एवं जनसंचार स्कूल में उपलब्ध हैं। जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा को नए आयाम देती हैं।

तिलक पत्रकारिता एवं जनसंच. ार स्कूल की इस प्रगति रिपोर्ट ने यह साबित किया है कि विभाग न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित कर रहा है, बल्कि छात्रों को उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए भी प्रभावी रूप से तैयार कर रहा है। विमोचन कार्यक्रम के दौरान विश्व. विद्यालय के शोध निदेशक प्रोफेसर वीरपाल सिंह, डीन एजुकेशन प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा, डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. बीनम यादव, लव कुमार, निधि शर्मा, मितेंद्र कुमार गुप्ता, पीयूष गांधी, राकेश कुमार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कन्फेक्शनरी की दुकान में कुंबल कर हजारों की चोरी

चोरी के बाद दुकान में बिखरा पड़ा सामान।

शाह टाइम्स संवाददाता

दौराला। थाना दौराला क्षेत्र अंतर्गत लावड़ रोड पर देर रात चोरों ने कन्फेक्शनरी की दुकान में कुंबल कर हजारो रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर थाना दौराला पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पनवाड़ी गांव निवासी अभिषेक पुत्र राकेश की लावड़ रोड पर श्रीजी कन्फेक्शनरी के नाम से दुकान है अभिषेक ने बताया कि वह सोमवार रात को दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। आधी रात चोरों ने बराबर की दुकान से कुंबल कर दुकान में रखा 10 हजार रूपये कैश और 20 हजार का सामान चोरी कर लिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर थाना दौराला पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है।

किठौर में भाजपा जिला अध्यक्ष के जन्म दिवस पर काटा केक, दी बधाई

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। निवासी मोहम्मद अहमद चौधरी पूर्व नामित सदस्य नगर पंचायत किठौर ने अपने साथी नंदू जीन, जावेद अली, मुजाहिद ने बीजेपी के नवागत जिला अध्यक्ष हरवीर पाल के जन्मदिवस के मौके पर पहुंच कर बुके देकर व केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उनके आवास पर मौजूद थे केक काटकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको जन्मदिन की मुबारकबाद दी और लंबी उम्र की कामना की। मोहम्मद अहमद चौधरी ने बताया की नवागत हरवीर पाल के भाजपा जिला अध्यक्ष मेरठ बनने पर संगठन और मजबूत होगा।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मंगलवार को पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गंगेश कुमार के नेतृत्व में जीमखाना के अपार चैंबर में मंडल के पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह

वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान व्यापारियों के हित को लेकर व्यापक विचार किया गया। संगठन को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

कैंट विधायक अमित अग्रवाल के कार्यालय पर आयोजित हुई एसआईआर अभियान की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। एसआईआर अभियान के अंतर्गत मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल के कैंप कार्यालय पर महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक आयोजित हुई। जिसमें मेरठ कैंट विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं को विधायक अमित अग्रवाल ने संबोधित कर आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। एसआईआर फॉर्म की जानकारी दी। इस अवसर पर महानगर महामंत्री महेश बाली, महानगर महामंत्री पीयूष शास्त्री, महानगर मंत्री अंकित सिंघल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं बीएलए प्रथम विशाल कन्नौजिया मौजूद रहे।

आज ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर नि:शुल्क बाटेंगें ट्राईसाईकिल

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि बुधवार 3 दिसम्बर यानी आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कालेज परतापुर मेरठ में प्रात: 11 बजे राज्यमंत्री ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर द्वारा नि:शुल्क ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरणो का वितरण किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया कि बुधवार को प्रात: 10 बजे स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कालेज परतापुर मेरठ में पहुंचकर अपने दायित्वो का निवर्हन करते हुये आयोजित वितरण शिविर को सफल बनाये। वहीं इस कार्यक्रम में उन दिव्यांग लोगों से भी संपर्क किया गया है जिनको वास्तव में इन चीजों की जरुरत है। इसके अलावा दिव्यांग संगठन को भी बताया गया है।

बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत बकाएदारों ने उठाया लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता भल्ला ने कहा कि बिजली बकाएदारों के लिए सरकार की बिजली बिल राहत योजना वरदान है। इस योजना में बकायेदार शर्तों के साथ मूलधन व सरचार्ज में छूट पाकर बिजली का बकाये से मुक्ति पा सकते है।

गत सोमवार से शुरू हुई योजना में एक से 31 दिसंबर तक पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में पूरी और मूल बिल के बकाये में 25 फीसदी की छूट मिलेगी। इसके बाद जनवरी में 20 फीसदी और फरवरी में 15 फीसदी छूट मिलेगी। भल्ला ने कहा कि प्रदेश में एमएलवी एक घरेलू अधिकतम दो किलोवाट और एलएमवी दो वाणिज्यिक एक किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को बिजली बिल बकाये में राहत दी जा रही है। मूलधन में 25 फीसदी और सरचार्ज में शत् प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था पहली बार की गई है। योजना का लाभ एक दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक उठा सकते हैं। ऊर्जा निगम योजना के प्रचार प्रसार में लगा हुआ है।

संक्षिप्त खेल समाचार

खेलो इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला: टॉड

जयपुर। भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा कि उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है।खेल चरित्र भी विकसित करते हैं।ष 30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, ष्वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है।ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।ष भारत आने के बाद क्लार्क पंजाब, गुजरात और हरियाणा में कोचिंग कर चुके हैं।

बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

ब्यूनस आयर्स। मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गए गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुक.ाबले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेर्लो के दाएं फ्रलैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेर्लो की जगह दूसरे हॉफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी। अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराट्टो ने मैच के बाद कहा कि हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी पर आने का अवसर होगा

रायपुर। पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा।

वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा। पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दो.हराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें, तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई- स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है। नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाए तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे। भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा। द. अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।

असम के खिलाफ आया सरफराज खान का तूफान

मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुएबल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा

लखनऊ। युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने मंगलवार को असम के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुए 28 वर्षीय बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, इस मुकाबले में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके जबकि अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने टी-20 प्रारूप में अपना पहला शतक असम के खिलाफ जड़ा। 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 100 रन बनाकर वह नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 212.76 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई ने आसाम के सामने 221 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में रियान पराग की अगुआई वाली टीम 122 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। इस तरह मुंबई ने यह मुक.ाबला 98 रन से जीत लिया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर खेले पांच मुकाबलों में उन्होंने 39', 1, 24 और 20 रन बनाए थे। प्रशंसकों को उम्मीद है 9 दिसम्बर से द. अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार लय हासिल कर लेंगे।

वेस्टइंडीज का कहर न्यूजीलैंड 231/9

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)। केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जूझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिए है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आए। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गें.दों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिए। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। केन विलियमस ने न्यूजीलैंड के 102 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ओजय शील्ड्स ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। नेथन स्मिथ (23) और मैट हेनरी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण न्यूजीलैंड ने 70 ओवरों मे नौ विकेट पर 231 रन बना लिए है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज

हार्दिक पांड्या की वापसी तय, गिल पर संशय

नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी आलरआउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे।

इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी, तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्धबीसीसीआईऋ के सेंटर आफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे। चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक आस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसम्बर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसम्बर को धर्मशाला, 17 दिसम्बर को लखनऊ और 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।

पाक के लिए मोईन अली ने भी छोड़ा आईपीएल

चार दिन पहले फाफ डु प्लेसिस ने पीसीएल में खेलने का किया था फैसला

कराची। फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीसीएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवम्बर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी।

इसी बीच आईपीएल का मिनी आक्शन 16 दिसम्बर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी- मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीसीएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टाप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।



आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में कोलक.ाता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले ज्ञ्ज्ञत ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरस.ीबी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वेसीएसक के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 29 नवम्बर को घोषणा की थी कि वे आईपीएल 2026 के आक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। फाफ ने 14 सीजन में 154 मैच खेले हैं और 4,773 रन बनाए (औसत 35.10, स्ट्राइक रेट 135.79)। वे सीएसके, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले हैं। 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन चोट की वजह से प्रभावित रहा, जिसमें वे 9 मैचों में 202 रन ही बना पाए। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा-14 सीजन के बाद इस बार आक्शन में नाम नहीं डाल रहा। भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा, यह अलविदा नहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ख्वाजा चोटिल, गाबा टेस्ट से हुए बाहर

गाबा। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरु होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकी है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिग करेगा। मार्नस लाब.ुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ्रते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है, तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गें.दबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गें.दबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

ओलंपिक: मिश्रित मार्शल आर्ट्स शामिल करने की कवायद तेज हुई

एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा

जिनेवा। एशियन मिश्रित मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन (एएमएमए) ने ओलंपिक खेलों में शामिल होने के लिए एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा की है।

एएमएमए के अध्यक्ष गॉर्डन टैंग ने कहा कि एमएमए के दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक हैं। लेकिन वैश्विक ख्याति के बावजूद, एमएमए एक ऐसा खेल है जिसमें एक जैसा अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय नहीं है। मैंने स्वयं देखा है कि जब सभी एक जैसे विजन के पीछे मिलकर काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है।ष टैंग और एएमएमए के दूसरे अगुवाकारों ने 27 नवम्बर को फेडरेशन ऑफ अंतराष्ट्रीय मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एफआईएमएमए) की स्थापना की पुष्टि के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। टैंग ने कहा कि एफआईएमएमए उन कई कॉल्स का जवाब है जो हमें एथलीट्स और राष्ट्रीय और क्षेत्रीय फेडरेशन्स से मिली हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन की मांग कर रहे हैं। जो इस खेल को एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय के तहत एकजुट करे। हम ऐसे किसी भी संस्था के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं जो एमएमए और उसके एथलीट्स के वैश्विक हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के हमारे वादे को साझा करती हैं। टैंग ने इस बात की भी पुष्टि कि संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से बात की है और उसका मकसद ओलंपिक पहचान हासिल करना है। एएमएमए के महानिदेशक गैलास्टीन टैन ने कहा कि एफआईएमएमए का मकसद एथलीट्स को सबसे पहले रखना और वास्तव में वैश्विक समर्थन हासिल करना है। हम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा का मंच तैयार कर रहे हैं जो ऐसी स्पर्धाओं को आसान बनाए और श्रेष्ठ एथलीट्स को एक संस्था के तहत एक साथ लाते हैं। मिश्रित मार्शल आर्ट्स को 2025 एशियन यूथ गेम्स में शामिल किया गया था और यह 2026 एशियन गेम्स में एक पदक स्पर्धा के तौर पर पर्दापण करेगा।

आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।उन्होंने कहा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर

और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरस.ीबी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएस ने उन्हें खरीदा था। मैक्सवेल ने आईपीए में कुल 141 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 135 पारियों में 23-88 की औसत और 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। इस दौरान मैक्सवेल ने 18 अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं गेंद के साथ मैक्सवेल ने 8.29 की इकॉनमी से 41 विकेट झटके हैं।

देवदत्त पड़िक्कल का शतक कर्नाटक ने तमिलनाडु को से हराया

अहदाबाद। देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 102) की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु, कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल रही और पूरी टीम 14.2 ओवर में 100 रन के स्कोर पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली। नारायण जगदीशन (21), आर राजकुमार (16) और अमित सात्विक 15 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। प्रवीण दुबे और श्रएस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। विजयकुमार वैशक व शुभांग हेगड़े को दो-दो विकेट मिले।

आंकड़ों में चेतावनी

पिछले छह महीनों के आईआईपी आंकड़े भी ग्रामीण उपभोग में कमजोरी की ओर इंगित करते हैं। लिहाजा, सावधानी भरे आशावाद का समुचित कारण है। लेकिन सितम्बर-तिमाही का उछाल बेहतर-वेतन वाले औपचारिक क्षेत्रों में केंद्रित लगता है, जबकि निम्न-आय वाले, निर्यात-संबंधी व श्रम-प्रधान खंड जूझ रहे हैं। सितम्बर और अक्टूबर के व्यापारिक आंकड़े पहले ही चेतावनी के संकेत दे रहे हैं, जिसे देखते हुए यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति बरकरार रखी जा सकती है। यह बात अलग है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सितम्बर-तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। यह 8.2 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से भी ज्यादा है और एक साल पहले की समान अवधि से काफी ऊपर है। अक्टूबर माह के व्यापार के आंकड़ों में 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक घाटा सामने आया था, जिसका आंशिक कारण सर्राफा आयात तिगुना हो जाना था, जो कि आर्थिक अनिश्चितता का एक संकेत है। इसके चंद दिनों बाद ही, जीडीपी के आंकड़े ने नीति- निर्माताओं को कम -से-कम कुछ समय के लिए आश्वस्त किया है। आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व मैन्यूफैक्चरिंग (9.1 फीसदी) और सेवाओं (9.2 फीसदी) ने किया, जिसे निजी उपभोग में सुधार से सहारा मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 6.4 फीसदी की तुलना में, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय 7.9 फीसदी बढ़ा, जबकि सरकारी खर्च से भी थोड़ा समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ये वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद घरेलू गतिविधि में व्यापक आधार वाली वृद्धि का इशारा करते हैं। इसके बावजूद, बाहरी झटके के पूरे असर आगामी तिमाहियों में दिख सकते हैं। अगस्त में भारत पर दो चरणों में अमेरिकी टैरिफ मध्य-तिमाही में लागू हुए। इन टैरिफों के लागू होने से पहले निर्यात आर्डरों के कुछ पेशगी- भुगतान (फ्रंट लोडिंग) से भी दूसरी तिमाही का आउटपुट बढ़ा हो सकता है। एक दूसरे सांख्यिकीय प्रभाव की भी भूमिका है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 0.25 फीसदी पर आ गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में सबसे कम है और इसने जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) को एक फीसदी से नीचे लाने में योगदान दिया। इतना कम डिफ्लेटर नाममात्र के (नामिनल) जीडीपी की बनिस्बत वास्तविक (रियल) जीडीपी को अपने आप बढ़ा देता है नामिनल जीडीपी (8.7 फीसदी) और रियल जीडीपी (8.2 फीसदी) में बहुत कम अंतर इसे रेखांकित करता है। अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है या इनपुट लागत ऊपर जाती है, अगर तेल की कीमत चढ़ती है क्योंकि भारत रूसी कच्चे तेल से इतर विविधीकरण कर रहा है, तो समग्र जीडीपी की वृद्धि नरम पड़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठकें अनिश्चितता बढ़ाएंगी, क्योंकि कोई भी नीतिगत दर मांग से जुड़े दबावों को आकार देगी। सकल मूल्य संवर्धन को बांटकर देखने से पता चलता है कि निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है, और सेवाओं के वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा उपखंड में 10.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो इस बात की ओर इशारा करता है कि पूंजी- प्रधान, बुनियादी ढांचे से जुड़े सेक्टर इस रफ्तार के केंद्र में रहे हैं। मासिक औद्योगिक सूचक इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं, सितम्बर में आईआईपी 4 फीसदी बढ़ा, जिसमें मुख्य पूंजी-प्रधान श्रेणियों जैसे इस्पात (14.1 फीसदी) और सीमेंट (5.3 फीसदी) ने मजबूत वृद्धि दिखायी। यह इस साल आरबीआई द्वारा तीन रेपो-रेट कटौतियों के असर के अनुरूप है। ये कटौतियां जून में नीतिगत दर को 5.5 फीसदी तक नीचे ले आईं और इससे निवेश गतिविधि को समर्थन मिला हो सकता है।

सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव

प्रथम पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया, नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया, नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी, पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा!

आज गेंहूं दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसलों में से एक है, जो विश्व की बड़ी आबादी के भोजन का आधार बनती है। बढ़ती जनसंख्या, सीमित कृषि भूमि, और जलवायु परिवर्तन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि गेंहूं जैसी मुख्य फसलों की उपज और पोषण क्षमता में निरंतर सुधार किया जाए। पारंपरिक खेती में नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग गेंहूं की बढ़ोतरी और उत्पादन के लिए आवश्यक माना जाता है, लेकिन इन उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी को खराब करता है, पानी को प्रदूषित करता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नाइट्रोजन उर्वरक बनाने की उद्योग दुनिया के कुल ऊर्जा उपयोग का बड़ा हिस्सा लेती है और भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करती है। इन समस्याओं का सबसे टिकाऊ समाधान यह है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर किया जाए कि वह खुद अपना उर्वरक बना सके, ठीक उसी तरह जैसे कुछ पौधेकृजैसे दालेंकृअपनी जड़ों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। इस विचार पर वैज्ञानिकों का शोध तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कृषि जगत में क्रांति ला सकता है।

प्रकृति में कुछ बैक्टीरिया, विशेष रूप से राइजो. बियम परिवार के, हवा में मौजूद नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि दालें बिना बाहरी नाइट्रोजन उर्वरकों के भी अच्छी वृद्धि कर लेती हैं। वैज्ञानिकों का उद्देश्य इन बैक्टीरिया या उनकी क्षमता को गेंहूं में लागू करना है ताकि गेंहूं खुद अपनी खाद बना सके। यह लक्ष्य सरल नहीं है, क्योंकि गेंहूं और दालों की जड़ संरचना, आंतरिक जैविक प्रक्रियाएं और रोग प्रतिरोधक प्रणाली अलग होती हैं। लेकिन जीन इंजीनियरिंग और माइक्रोबियल सिंबायोसिस टेक्नोलॉजी में नए विकास ने इसे संभव बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस विचार को लागू करने के तीन प्रमुख वैज्ञानिक मार्गों पर शोध हो रहा है। पहला तरीका यह है कि गेहूं और कुछ लाभकारी बैक्टीरिया के बीच साझेदारी बनाई जाए, यानी गेंहूं की जड़ें उन बैक्टीरिया को पहचानें और उनकी मदद लें जो हवा से नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकते हों। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसे बैक्टीरिया खोज रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से गेंहूं की जड़ों में टिककर नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर सकें। कुछ प्रयोगों में यह देखा गया है कि यदि बैक्टीरिया को जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाए, तो वे गेंहूं की जड़ों में भी नोड्यूल जैसी संरचनाएं बना सकते हैं, जिससे पौधे को नाइट्रोजन लगातार मिलती रहती है। दूसरा तरीका गेहूं के जीनोम में प्रत्यक्ष बदलाव करना है। वैज्ञानिक यह प्रयास कर रहे हैं कि दालों में पाए जाने वाले वे जीन जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया को अपनी जड़ों में आकर्षित और नियंत्रित करते हैं, उन्हें गेंहूं में डाला जाए। प्रारंभिक परीक्षणों में कुछ ऐसे जीन क्लस्टर पहचाने गए हैं जो जड़ कोशिकाओं को इस उद्देश्य के लिए तैयार कर सकते हैं। यदि यह तरीका सफल होता है तो गेंहूं धीरे-धीरे बाहरी उर्वरकों पर निर्भर होने के बजाय एक आत्मनिर्भर पौधे में बदल सकता है। तीसरा तरीका अधिक उन्नत सिंथेटिक बायोलॉजी का है जिसमें लक्ष्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण की पूरी प्रक्रिया को सीधे गेहूं के अंदर सक्रिय करना है। इसका मतलब है कि गेंहूं स्वयं उन एंजाइमों और प्रोटीनों का निर्माण करे जिनकी मदद से वह वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित कर सके। यह सबसे चुनौतीपूर्ण तरीका है क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत ऊर्जा-खपत वाली होती है और पौधे की बाकी जैविक प्रक्रियाओं पर भी असर डाल सकती है। फिर भी वैज्ञानिकों के मॉडल संकेत देते हैं कि सही जीन अनुक्रम और ऊर्जा प्रबंधन तंत्र के संयोजन से यह दीर्घकाल में संभव है। यदि इन में से कोई भी तरीका सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है तो कृषि क्षेत्र में बेहद बड़ा परिवर्तन आएगा। किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी लागत कम होगी और जल प्रदूषण तथा मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। गेहूं का ऐसा रूप पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा क्योंकि नाइट्रोजन उर्वरकों के निर्माण और उपयोग से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा। इसके अलावा मिट्टी में जैविक सक्रियता बढ़ेगी, जिससे सूक्ष्मजीव संतुलन और मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल के लिए सुरक्षित रहेगी। मौसम की अनिश्चितताओं और जलवायु परिवर्तन की वजह से जो किसान आर्थिक जोखिम झेलते हैं, उनके लिए यह तकनीक एक स्थाई समाधान बन सकती है। भारत जैसे देशों में जहां गेंहूं बड़ी आबादी के भोजन और किसानों की आय दोनों का आधार है, यह शोध विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान अक्सर उर्वरकों पर भारी खर्च करते हैं और कई बार समय पर उपलब्ध न होने या नकली उर्वरक मिलने की वजह से नुकसान भी झेलते हैं। यदि भविष्य में गेंहूं के बीज ऐसे उपलब्ध होते हैं जो खुद अपना नाइट्रोजन उर्वरक बना सकें तो छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे कृषि उपज में वृद्धि, आय में स्थिरता, और खेती को सतत एवं सस्ती बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि इस तकनीक के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से उत्पादित बीजों को लेकर लोगों में संदेह और भय रहता है। खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने के लिए पर्याप्त परीक्षण और समय की आवश्यकता होती है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह तकनीक बड़ी कंपनियों के नियंत्रण में न जाकर किसानों के लिए सुलभ रहे। यदि बीजों के अधिकार या पेटेंट कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास होंगे तो किसान फिर से निर्भरता की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी तकनीकें खुले लाइसेंस, सरकारी संस्थानों, और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के तहत विकसित की जाएं ताकि इनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। एक और चुनौती कृषि जैव विविधता की है। यदि एक ही प्रकार के इंजीनियर गेहूं के बीजों का अत्यधिक उपयोग किया गया तो रोगों, कीटों या जलवायु आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि पारंपरिक किस्मों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों को बनाए रखा जाए और इंजीनियर बीजों का उपयोग विविधता के साथ किया जाए। वैज्ञानिक इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता को विभिन्न गेंहूं प्रजातियों में अनुकूल रूप से जोड़कर अनेक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। इस तकनीक की सफलता हमारे कृषि और पर्यावरण के भविष्य के लिए बहुत मायने रखती है। आधुनिक विज्ञान ने यह साबित किया है कि कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि ग्रह और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी विकसित किया जाना चाहिए। यदि गेंहूं जैसा प्रमुख खाद्य पौधा स्वयं अपना उर्वरक बनाने में सक्षम हो जाता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का भी प्रतीक होगा। यह भविष्य की ऐसी तस्वीर है जिसमें किसान, पर्यावरण और उपभोक्ता तीनों लाभान्वित होंगे। अंत में यह कहा जा सकता है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर करने का लक्ष्य कि वह स्वयं अपना उर्वरक बना सके, मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी कृषि उपलब्धियों में से एक बन सकता है। यह विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के बीच समन्वय का उदाहरण है। हालांकि यह तकनीक अभी विकास के चरण में है, लेकिन तेजी से हो रहे शोध, वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग और टिकाऊ कृषि की बढ़ती आवश्यकता इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।

आज हो रहा यह काम भविष्य की पीढ़ियों को एक ऐसे कृषि मॉडल की ओर ले जा सकता है जिसमें फसलें पृथ्वी पर बोझ नहीं बल्कि धरती की जीवनदायिनी प्रणाली के साथ सामंजस्य में काम करें। विज्ञान के जरिए जब प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उनसे प्रेरणा ली जाती है तो संभावनाओं का दायरा व्यापक हो जाता है, और गेंहूं को उर्वरक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास इसी सच का प्रमाण हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की जरूरत

भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिका. रिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर संबंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।

अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं-न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है, लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए।

यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48 प्रतिशत) में सरकारी अस्पतालों (14 प्रतिशत) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15 प्रतिशत अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में यह कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

रोगियों के अधिकार

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं-प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

गुणों की खान अश्वगंधा सर्दियों में देता है खास लाभ

इन दिनों वैद्य और सेलिब्रिटीज अश्वगंधा का काफी गुणगान कर रहे हैं। यह औषधीय पौधा हजारों वर्षों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में उपयोग किया जाता रहा है और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी दर्शाया है कि तनाव, चिंता, अनिद्रा तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में अश्वगंधा उपयोगी है। इन सबके चलते अश्वगंधा में जिज्ञासा स्वाभाविक है। कहना न होगा कि अश्वगंधा सभी समस्याओं का कोई रामबाण इलाज नहीं है। इस बारे में न्यूयॉर्क स्थित प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिति पारिख के अनुसार इसकी प्रभाविता व्यक्ति के लक्षण, शरीर की संरचना और चिकित्सा इतिहास के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा इसके गलत उपयोग से प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। अश्वगंधा जिसे इंडियन जिनसेंग या इंडियन विंटर चेरी के रूप में भी जाना जाता है, एक सदाबहार झाड़ी है जिसका उपयोग सदियों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। पारिख इसे एक संतुलनकारी बताती हैं।

संतुलनकारी या एडाप्टोजेन ऐसे पदार्थ होते हैं जो शरीर को तनाव के अनुकूल होने और संतुलन बहाल करने में मदद करते हैं और साथ ही सूजन (शोथ) को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने, चिंता को कम करने और नींद में सुधार करने में उपयोगी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पौधा अपने सक्रिय घटकों (जैसे एल्केलॉइड, लैक्टोन और स्टेरॉइडल यौगिकों) के माध्यम से शरीर में तनाव प्रतिक्रिया को नियमित करने और शोथ को कम करने का काम करता है। नैसर्गिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड यौगिक विदानोलाइड्स को एंटीऑक्सीडेंट और शोथ-रोधी प्रभावों का धनी माना जाता है।

कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि विदानोलाइड्स के सांद्र अर्क सबसे प्रभावी होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के ओशर सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ की मेलिंडा रिंग के अनुसार यह जैव-सक्रिय घटक कोशिका क्रियाओं को निर्देशित करने वाले संकेतक मार्गों को प्रभावित कर सकते हैं लेकिन इनकी सटीक क्रियाविधि को समझने के लिए अभी भी शोध चल रहे हैं। कई छोटे पैमाने के शोध अश्वगंधा के लाभों का समर्थन करते हैं। भारत में 2021 के दौरान 491 वयस्कों पर किए गए सात अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने अश्वगंधा का सेवन किया उनमें प्लेसिबो (औषधि जैसे दिखने वाले गैर-औषधि पदार्थ) लेने वालों की तुलना में तनाव और चिंता का स्तर काफी कम रहा। भारत में ही 372 वयस्कों पर किए गए पांच अध्ययनों की समीक्षा में नींद की अवधि और गुणवत्ता में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार देखा गया। यह खासकर अनिद्रा से पीड़ित लोगों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इसके अलावा अश्वगंधा की पत्तियों में पाया जाने वाला ट्रायएथिलीन ग्लायकॉल संभावित रूप से GABA रिसेप्टर्स को प्रभावित कर नींद को बढ़ावा देता है, जो तनाव या भय से जुड़ी तंत्रिका कोशिका गतिविधि को अवरुद्ध करके मस्तिष्क में एक शांत प्रभाव पैदा करता है। रिंग यह भी बताती हैं कि अश्वगंधा अर्क नींद से जागने पर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के मानसिक सतर्कता में सुधार करता है। कुछ अध्ययन गठिया, यौन स्वास्थ्य, पुरुषों में बांझपन, मधुमेह और एकाग्रता अवधि और स्मृति सुधार में अश्वगंधा को प्रभावी बताते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश मामलों में और अधिक डैटा की आवश्यकता है।

सुरक्षितता के मामले में यू.एस. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की विशेषज्ञ बारबरा सी. सॉर्किन का सुझाव है कि अधिकांश लोगों के लिए लगभग तीन महीने तक अश्वगंधा का सेवन सुरक्षित है, लेकिन गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, प्रोस्टेट कैंसर पीड़ितों और थायराइड हारमोन की दवाओं का सेवन करने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। अश्वगंधा संभवतः यकृत की समस्याएं पैदा कर सकता है, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को प्रभावित कर सकता है तथा थायरॉइड औषधियों व अन्य दवाओं के साथ अंतर्क्रिया भी कर सकता है। यकृत स्वास्थ्य और हारमोन के स्तर पर इसके प्रभाव को देखते हुए डेनमार्क में तो अश्वगंधा पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है, लेकिन भारत में इसका काफी अधिक उपयोग किया जा रहा है।

चूंकि यूएस में अश्वगंधा जैसे आहार अनुपूरक का नियमन दवाओं की तरह नहीं किया जाता है, इसलिए अनुपूरकों के वास्तविक घटक और गुणवत्ता पता करना मुश्किल होता है। लेकिन कंज़्यूमरलैब जैसी स्वतंत्र प्रयोगशाला संस्थाएं उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले ब्रांड पहचानने में मदद कर सकती हैं। बहरहाल, विशेषज्ञ अश्वगंधा के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह देते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपकी स्वास्थ्य स्थितियों और दवाओं के साथ उपयुक्त है या नहीं।

(स्रोत फीचर्स)

भारत ने इंसानियत के नाते पाक के लिए एयरस्पेस खोला

मदद लेकर श्रीलंका जाएगा विमान, पहलगाम हमले के समय बंद किया था

नई दिल्ली। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं।

पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसम्बर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिका. रिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानक. ारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया। अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। भारतीय अधिका. रियों ने कहा कि यह मंजूरी पूरी तरह से मानवीय कदम था। पाकिस्तान ने भारतीय एयरला. इनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखा है इसके बावजूद भारत ने विमान गुजरने की मंजूरी दी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। भारत ने 30 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान में रजिस्टर्ड और आपरेट होने वाले विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का निर्देश जारी किया। यह कदम तब उठाया गया, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 को खुद भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरस्पेस बंद करने से पहले, रोजाना 100/150 भारतीय विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरते थे। साइक्लोन दितवाह की वजह से श्रीलंका में भारी बाढ़ आई है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, एनडीआरएफ की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, जिससे कुल सामग्री 53 टन हो गई है।

चेन्नई। चक्रवात दित्वा के बाद जलमग्न सड़क पर सब्जी बेचता एक व्यक्ति।

मलेशिया में तीन जापानी नागरिक गांजे की तस्करी में शामिल

कुआलालंपुर। मलेशियाई सीमा शुल्क अधिकारियों ने जापान के तीन लोगों पर 40 किलो से अधिक गांजे की तस्करी के प्रयास के आरोप सोमवार को आरोप लगाए। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों में हिरोशिमा प्रांत के वतारू मात्सुकी (42) और ओसाका प्रांत के रयोता युआसा (32) तथा एक 19 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क जांच के दौरान तीनों के सूटकेस से गांजे की बरामदगी की गई। इसका कुल मूल्य 16 करोड़ जापानी एन आंका गया था। इन तीनों को गत 18 नवम्बर को बैंकॉक से कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था।

मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

कोलंबो। श्रीलंका इन दिनों चक्रवात 'दित्वाह' से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है।

बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई। बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में

एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंच. ाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे आपरेशन 'सागर बंधु' नाम दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

न्यूयॉर्क। 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकार्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की।

पोलैंड को अमेरिका से अब्राम्स टैंकों की नई खेप हुई प्राप्त

वारसॉ। पोलैंड के उप रक्षा मंत्री पावेल बेजदा ने बताया कि सेना को अमेरिका के 32 एम1ए2 अब्राम्स टैंक की खेप मिलने से रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। बेजदा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह नवीनतम अब्राम्स टैंकों की चौथी खेप है। वर्तमान में, 32 एम1ए2 टैंक पोलिश बंदरगाह पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये टैंक पोलिश सशस्त्र समूह के संयंत्र में संशोधित किए जाने के बाद सेवा में शामिल किए जाएंगे।

ताकाइची से ताइवान संबंधी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह

टोक्यो। जापान के कई विपक्षी दलों के नेताओं ने ताइवान पर प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया अनुचित टिप्पणियों की तीखी आलोचना की है और उनसे जापान-चीन संबंधों को और नुकसान से बचाने के लिए अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नीति प्रमुख, सातोशी होंजो ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि सुताकाइची के बयानों से जापानी कानून के तहत 'अस्तित्व के लिए खतरा' वाली स्थिति की अपर्याप्त समझ का पता चलता है।

होंडुरास में राष्ट्रपति की दौड़ में कांटे का टक्कर

टेगुसिंगल्पा। होंडुरस में राष्ट्रपति पद के लिए मतों की गिनती बराबरी पर बनी हुई है। मतदाताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के 128 सदस्यों और संसद के 20 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डाले। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 57.03 प्रतिशत वोटों की गिनती होने तक, नेशनल पार्टी के उम्मीदवार नसरी असफुरा को 749022 मत मिले, जो वैध मतपत्रों का 39.91 प्रतिशत है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी लिबरल पार्टी ऑफ होंडुरास के सल्वाडोर नसरल्ला को 748507 मत मिले और वह असफुरा के पीछे हैं। यह अंतर केवल 515 मतों का है।

पाक ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा हुआ

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवम्बर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। बाढ़ के कारण 2 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाढ़ के चलते श्रीलंका बिजली कटौती का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्की को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्की ने मदद भेजी थी। तुर्की ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्की और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक

चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई

ढाका। बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई। अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डा शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है। खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है। इसके बाद स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान अस्पताल में तैनात किए गए। खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर बीएनपी उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने बताया कि खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि अब कुछ करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है, बस पूरे देश से दुआ की अपील है।

पूर्वव्यापी हमले वाले बयान पर भड़का रूस

मास्को। रूस ने नाटो के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा मास्को पर संभावित पूर्वव्यापी हमले की अनुमति संबंधी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मास्को ने इसे बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान बताया है और कहा है कि ऐसे वक्तव्य सीधे तौर पर यूरोप और पश्चिमी देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

पश्चिमी देशों को दी चेतावनी, तनाव बढ़ने की आशंका, यूक्रेन संकट समाधान की कोशिशों को नुकसान

रूस के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसी भाषा न केवल तनाव बढ़ाती है बल्कि यूक्रेन संकट को सुलझाने की मौजूदा कोशिशों को भी कमजोर करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह प्रतिक्रिया नाटो मिलिट्री कमेटी के चेयर और इटली के एडमिरल ग्यूसेप्पे कैवो ड्रागोने के उस इंटरव्यू पर दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ परिस्थितियों में रूस पर पूर्वव्यापी हमले को डिफेंसिव एक्शन माना जा सकता है। यह इंटरव्यू लंदन की फाइनेंशियल टाइम्स को दिया गया था। जखारोवा ने कहा कि ड्रागोने का बयान पूरी तरह उकसाने वाला है और इसे नाटो की रूस के खिलाफ आक्रामक नीति के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

पाक सरकार ने इमरान समर्थकों के सामने टेके घुटने

पाकिसतान के पूर्व पीएम की बहन उजमा खातून को जेल में मुलाकात की इजाजत मिली

रावलपिंडी। पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला तब लिया गया है जब उनकी सेहत को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक जमा हो गए थे। 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।

73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं

पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई है। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डा. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डा. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की जानकारी सामने आएगी। वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डा. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस आफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा रूस: पेस्कोव

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है। पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है।

वेनेजुएला पीएम मादुरो को ट्रम्प की चेतावनी

अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन करके कहा: देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा

वाशिंगटन। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे।



अमेरिका ने मादुरो उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था

ट्रम्प की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन काल के दौरान ट्रम्प ने मादुरो से साफ कहा कि आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा। अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई। ट्रम्प ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में माद. ुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार 24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, काल 16 नवम्बर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमे. रिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की को. शिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।